तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 2 नवंबर 2023 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-215 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

नहीं रहे पूर्व विधायक रामलाल भारद्वाज

बलौदाबाजार,2 नवंबर। पलारी के पूर्व विधायक रामलाल भारद्वाज का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया.

वे 1998 से 2003 के बीच पलारी विधानसभा से कांग्रेस के विधायक थे. शिक्षक के बाद वे विधायक बने थे. रामलाल भारद्वाज का स्वभाव सहज और काफी सरल था. निधन की खबर आते ही कांग्रेस सहित पलारी क्षेत्र में शोक की लहर है. रामलाल का अंतिम संस्कार आज उनके गृह ग्राम भंडारपुरी पलारी में किया जायेगा. कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, बलौदाबाजार विधानसभा प्रत्याशी शैलेष नितिन त्रिवेदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया साथ ही क्षेत्र के लिए इसे अपूर्णीय क्षति बताया.

गलियों में घूम रहे ईडी अफसरों की गाड़ी की भी जांच हो : सीएम

रायपुर,2 नवंबर। जयपुर में ईडी का अफसर 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुआ है. नॉर्थ ईस्ट में इंफाल के ईडी आफिसर नवल किशोर मीणा को एसीबी ने कस्टडी में लिया है. बताया जा रहा है कि नवल किशोर के लिए एक बिचौलिया घूस मांग रहा था. घूस लेने वाले को भी एसीबी ने दबोच लिया है. इस पर सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर तंज कसते हुए कहा है कि छापों की आड़ में कहीं ये कमल छाप के स्टार प्रचारक बनकर तो नहीं घूम रहे हैं?सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर हा, जयपुर में ईडी के अफसर रिश्वत लेते गिरफ्तार हुआ है, इसीलिए मैं बार-बार कह रहा हूं कि गलियों-गलियों में घूम रहे इन श्वष्ठ अफसरों की गाड़ी की जरूर जांच की जाए. सीएम बघेल ने कहा कि छापों की आड़ में कहीं ये ÷कमल छाप के स्टार प्रचारक÷ बनकर तो नहीं घूम रहे हैं?

क्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

कोरबा,2 नवंबर। जिले में बांगो थानांतर्गत ग्राम देवमठी में क्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। गांव में रेलवे पुल बनाने का काम चल रहा है। सभी मजदूर काम पर लगे हुए थे इसी दौरान क्रेन के चालक बिना आगे पीछे देखे क्रेन को बैक कर दिया। जिससे मजदूर उसके नीचे आ गया और मौके पर ही उसका अंत हो गया। मृतक का नाम झीनक राम मूल रुप से यूपी के सिद्धार्थ नगर स्थित बधेपुरवा गांव का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस मर्ग पंचनामा की कार्रवाई शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

भाजपा तीन को जारी करेगी घोषणा पत्र

रायपुर, 02 नवंबर ।छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के मतदान के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने अभी तक अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया है । भारतीय जनता पार्टी कल अपना घोषणा पत्र जारी करने वाली है ।

दरअसल, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे । इस घोषणा पत्र में भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे कई वादे करने वाली हैं जिससे भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बने इसको ध्यान में रखकर घोषणा पत्र तैयार किया गया है ।

स्पेशल विमानों से आई सीआरपीएफ की टीमों के बक्सों की जांच हो : भूपेश

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,2 नवंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि स्पेशल विमानों से सीआरपीएफ की टीमें आई है. सीआरपीएफ के वाहनों में बड़े-बड़े बक्से लाए गए हैं. जिसकी कहीं पर जांच नहीं की जा रही है. इन बक्सों में पैसा भी हो सकता है, सीआरपीएफ के वाहनों की भी जांच होनी चाहिए. निर्वाचन आयोग को इस पर संज्ञान में लेकर जांच करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर को पहले चरण के चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे. मतदान को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से जवानों की तैनाती की जा रही है. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव होने हैं. इसमें पहले चरण में 20 सीटों पर और दूसरे चरण में 70 सीटों पर वोटिंग की जाएगी.

भूपेश बघेल का मोबाइल हुआ बंद

एप्पल के फोन को सबसे सुरक्षित माना जाता है। कहा जाता है कि एप्पल के फोन हैक नहीं किए जा सकते हैं। लेकिन, मंगलवार को विपक्ष के कई नेताओं ने एप्पल फोन के हैक करने का दावा किया है। जिसके बाद अब छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल का एप्पल फोन बंद हो गया है। सीएम भूपेश ने अपने फोन को दिखाते हुए जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि आज सुबह मेरा फोन अचानक बंद हो गया। मोबाइल की जांच कराने के लिए भेजूंगा। कांग्रेस नेताओं को एप्पल के अलर्ट मैसेज पर कहा कि गंभीर मामला है, यह निजता पर हमला है। आईफोन में कई जानकारियां होती है। इसे हैंग कर हथियाने की कोशिश की जा रही है।

आपको बता दें कि मंगलवार को विपक्ष के कई नेताओं के एप्पल फोन के हैक करने का अलर्ट आया था। तमाम नेताओं ने एक्स अकाउंट पर एपल की ओर से आए नोटिफिकेशन का स्क्रीनशॉट किया। इसके साथ ही मोदी सरकार को आड़े हाथों भी लिया था। अलर्ट के बाद विपक्ष नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था। हालंकि इस अलर्ट को लेकर एप्पल ने एडवाइजरी जारी की थी। उन्होंने कहा कि राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से फंडिंग वाले और ट्रेंड हैं और उनके अटैक के तरीके समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे साइबर अटैक का पता लगाना काफी मुश्किल है। कई बार ये अलर्ट झूठे भी साबित होते हैं। यह भी संभव है कि एपल की ओर से भेजे गए कुछ अलर्ट झूठे हो सकते हैं। हम इस बारे में जानकारी देने में असमर्थ हैं कि किस कारण से हमें खतरे की सूचनाएं जारी करनी पड़ रही हैं।

ग्रामीण शव को लेकर पहुँचा बेटियां थाना

नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या

पखांजूर,2 नवंबर। कांकेर जिले के पखांजुर इलाके के छोटे बेटियां थाना क्षेत्र के अतिसंवेदनशील गांव मोरखंडी में नक्सलियो ने तीन ग्रामीणों की हत्या कर दिया है,मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में इन तीनो ग्रामीणों की हत्या कर दिया है,बताया जा रहा है कि चार दिनों पहले नक्सलियों ने इन तीनो ग्रामीणों को घर से उठाकर ले गए थे,वही बीती रात को नक्सलियों ने तीनों ग्रामीणों का हत्या कर मोरखंडी गांव के पास शव को फेंका थाघटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है वहीं ग्रामीण तीनो शव को ट्रैक्टर ट्रॉली में लेकर बेटियां थाने में पहुचे हैं,इलाके में घटना के बाद सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से नक्सलियों के द्वारा अपने मौजूदगी का एहसास दिलाने एवं दहशत फैलाने के लिए लगातार क्षेत्र के अलग अलग जगह पर छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को बहिष्कार करने के लिए बैनर पोस्टर लगा कर विरोध जता रहे हैं,वही नक्सलियों ने भाजपा तथा कांग्रेस पार्टी का गांव से मार भगाने की बात भी बैनर में उल्लेख किया है।

ग्रामीण की गला घोंटकर हत्या

बीजापुर,2 नवंबर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में बुधवार की दरमियानी रात नक्सलियों ने एक ग्रामीण की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या के बाद शव को नड़पल्ली एवं गलगम के बीच सड़क किनारे फेंक दिया। नक्सलियों द्वारा पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या की गई।मृतक मुचाकी लिंगा (40 वर्ष) उसूर ब्लाक के ग्राम गलगम का निवासी है।

कांग्रेस की घोषणाओं का कोई महत्व नहीं: हिमंता बिस्वा

रायपुर,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा आज छत्तीसगढ़ के 2 विधानसभा में धुंआधार चुनावी प्रचार-प्रसार करेंगे. 6 रोड शो और 1 चुनावी जनसभा में शामिल होंगे. मानपुर, मोहला और खुज्जी विधानसभा में रोड शो कर जनसभा लेंगे. कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए हिमंता सरमा ने भूपेश है तो भरोसा है वाले बयान पर कहा, भूपेश बघेल है तो भरोसा है, लेकिन ये नारे के लिए कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है कि सभी पोस्टर बैनर में से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम हटाना चाहिए. भूपेश बघेल के सीएम चेहरे वाले बयान पर सीएम बिस्सा ने पलटवार करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ का चुनाव भूपेश बघेल के नाम में हुआ था. इस वर्ष के चुनाव में भूपेश बघेल का नाम रिप्लेस होते जा रहा है. कांग्रेस भी उन्हें धीरे-धीरे सीएम पद से हटा रही है. बीजेपी के घोषणा पत्र को लेकर हिमंता ने कहा, अच्छी चीज के लिए तो इंतजार थोड़ा करना ही होता है. भूपेश बघेल और कांग्रेस जो घोषणा कर रही है, उसका कोई महत्व नहीं है. बीजेपी जो घोषणा पत्र जारी करेगा. वह खरा सोना होगा. बीजेपी सही समय पर सही फैसला लेगी. ऑनलाइन को हम ऑफलाइन नहीं करेंगे. इस बार बीजेपी अच्छा घोषणा पत्र जारी करेगा.धर्मांतरण के मुद्दे लेकर सीएम हिमंता ने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण कोई मुद्दा नहीं है. यह एक सामाजिक मुद्दा है. यह बहुत बड़ा मुद्दा है. यह हमारे खिलाफ एक आपराधिक साजिश हो रहा है. छत्तीसगढ़ को यदि बचाना है तो कोई ना कोई बड़ा कानून व्यवस्था धर्मांतरण के खिलाफ लेना ही होगा. धर्मांतरण लालच के साथ नहीं होना चाहिए. मुख्यमंत्री से अगर सवाल करू तो भूपेश बघेल खुद भी धर्मांतरण के खिलाफ ही होंगे.

ईडी,सीबीआई को लेकर सीएम सरमा ने कहा, छत्तीसगढ़ के अधिकारी को क्यों आखिरकार अब तक जमानत नहीं मिलती. गिरफ्तार तो ईडी ने किया, सीबीआई ने किया. चलो ईडी, सीबीआई तो गलत है, लेकिन क्या अब कोर्ट भी गलत हो गई. अगर आज मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट ने बेल नहीं दी तो क्या आप अभी बोलेंगे कि सुप्रीम कोर्ट भी गलत है.

ईडी और सीबीआई तो कई लोगों को अरेस्ट करता है. केवल 24 घंटे अपने हिरासत में रख सकता है. 24 घंटे के बाद उसे व्यक्ति को अदालत में पेश किया जाता है, अदालत उसे कस्टडी देता है. जेल में उन्हें गेस्ट बनाकर कौन रखते हैं. अदालत रखते हैं, यदि अगर आप कोर्ट के खिलाफ भी सवाल करते हैं तो आप महान हैं.

बिखरने लगा I.N.D.I.A गठबंधन

नहीं हो रहा कोई काम, कांग्रेस को तो फुर्सत ही नहीं :नीतीश कुमार

पटना,2 नवंबर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की 'बीजेपी हटाओ, देश बचाओ' रैली में शामिल हुए। सीएम नीतीश ने कहा कि जो लोग हमारे देश के संविधान को बदलने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें रोकने के लिए ढ्ढ.ह्र.ष्ठ.ढ्ढ. ब्लॉक का गठन किया गया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमने सभी दलों से बात की, उनसे एकजुट होने और देश को उन लोगों से बचाने का आग्रह किया जो इसके इतिहास को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए पटना और अन्य जगहों पर बैठकें हुईं। इसके साथ ही नीतीश ने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इंडिया एलायंस बना लेकिन कुछ खास नहीं हो रहा। 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की दिलचस्पी उनमें ज्यादा है। उन्होंने पुरानी पार्टी को संदेश देते हुए साफ तौर पर कहा कि हम सब मिलकर कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे थे लेकिन उन्हें अभी इस सब की चिंता नहीं है। वे अभी 5 राज्यों के चुनाव में व्यस्त हैं। इसलिए 5 राज्यों के चुनाव के बाद वे खुद ही सबको बुलाएंगे। इस बीच सीपीआई नेता डी राजा ने भी कहा कि हमारे देश की हालत बहुत खराब है और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने देश को बर्बाद कर दिया है। इंडिया समूह की आखिरी बैठक 31 अगस्त-1 सितंबर को मुंबई में हुई थी, जिसके बाद यह घोषणा की गई कि कांग्रेस अगली तारीखें तय करेगी। अटकलें थीं कि यह दिल्ली में होगा लेकिन कोई घोषणा नहीं की गई। ऐसी भी चर्चा थी कि यह चुनाव वाले मध्य प्रदेश में होगा लेकिन वह भी नहीं हुआ। नीतीश कुमार को व्यापक रूप से इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्यों में से एक के रूप में देखा जाता है; वास्तव में, यह बिहार के मुख्यमंत्री ही थे जिन्होंने वरिष्ठ विपक्षी नेताओं को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए एकजुट होने की संभावना के बारे में बताया और अपनी वरिष्ठता का उपयोग करते हुए उनके और कांग्रेस के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य किया।

इंडिया ब्लॉक की पहली बैठक जून में पटना में हुई, जिसमें कुमार को एक बार फिर शांति-निर्माता की भूमिका निभानी पड़ी; ऐसा तब हुआ जब आम आदमी पार्टी ने बैठक का बहिष्कार करने की धमकी दी क्योंकि कांग्रेस ने दिल्ली प्रशासनिक सेवा अध्यादेश के खिलाफ उसके अभियान का समर्थन नहीं किया था। मध्य प्रदेश चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच तकरार के बाद नीतीश कुमार की यह टिप्पणी भी आई है। अखिलेश यादव ने दावा किया कि उनकी पार्टी छह सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इस समझौते को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा, अगर मुझे पता होता तो हम कांग्रेस से बात नहीं करते।

राज्य के 2457 शतायु मतदाता करेंगे मतदान

रायपुर,2 नवंबर। राज्य में दो चरणों में हो रहे विधानसभा निर्वाचन 2023 में प्रदेश के 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार 160 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दोनों ही चरणों में पुरूष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक हैं। पुरुष तथा महिला मतदाताओं के साथ ही तृतीय लिंग (ट्रांसजेंडर) के 753 मतदाता विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में रायपुर शहर उत्तर में सबसे अधिक 96 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। इसी प्रकार रायपुर शहर के चारों विधानसभा क्षेत्रों रायपुर शहर उत्तर, रायपुर शहर पश्चिम, रायपुर शहर दक्षिण और रायपुर ग्रामीण को मिलाकर कुल 275 ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

विधानसभा निर्वाचन 2023 में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 7 लाख 29 हजार 267 है, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उल्लेखनीय है कि कुल 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार 160 मतदाताओं में 1 करोड़ 1 लाख 35 हजार 561 पुरूष तथा 1करोड़ 2 लाख 56 हजार 846 महिला मतदाता हैं। प्रदेश के 2,457 ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने अपने जीवन के सौ वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और लोकतंत्र के पर्व की शुरूआत से अब तक के साक्षी हैं। आयोग ने 80 वर्ष के अधिक उम्र तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर बैठे ही डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्रदान की है, जिसका लाभ उठाते हुए 6447 वृद्धि और दिव्यांग मतदाताओं ने डाक से मत देने का निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ में फिर ईडी का छापा

रायपुर,2 नवंबर। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। अबकी दफा झारखंड ईडी की टीम ने प्रदेश में दबिश दी है। केन्द्रीय जांच एजेंसी की ये कार्रवाई शराब कारोबारियों अतुल सिन्हा और मुकेश मनचंदा के ठिकानों पर चल रही है। ईडी की ये कार्रवाई झारखंड में हुए कथित शराब घोटाले के मामले में जांच एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर चल रही है। जानकारी के मुताबिक ईडी ने झारखंड में शराब घोटाले के मामले में 30 अगस्त को रांची, धनबाद, देवघर, गोड्डा और दुमका में 30 ठिकानों पर छापा मारा था। छापे में राज्य के एक मंत्री, उनके करीबी सहित कई रसूखदार लोगों के शामिल होने की जानकारी जांच एजेंसी को मिली थी।

बाल-बाल बचे सीआईएसएफ अधिकारी

भिलाई,2 नवंबर। छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा टल गया. जहां लोको ने सीआईएसएफ अधिकारी की कार को ठोकर मार दी. इस दौरान कार में सवार इंस्पेक्टर एस के सिन्हा बाल-बाल बच गए. उन्होंने कार से भागकर अपनी जान बचाई. घटना के बाद बीएसपी के अधिकारी मौके पर मौजूद है.

जानकारी के मुताबिक सीआईएसएफ इंस्पेक्टर एस के सिन्हा गुरुवार सुबह अपनी कार से भिलाई स्टील प्लांट के डंप यार्ड एरिया से होकर एनएसपीसीएल में ड्युटी पर जा रहे थे. इसी दौरान रेल पटरी पार करते समय उनकी कार अचानक पटरी पर फंस गई. इस दौरान बीएसपी प्लांट की ओर आ रही लोको ने कार को अपनी चपेट में ले लिया. इस हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई है. गनीमत रही की इंस्पेक्टर ने कार उतारकर अपनी जान बचाई, वरना उनकी जान भी जा सकती थी.घटना की सूचना के बाद आनन-फानन में भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारी भी मौके पहुंचे हुए है, वहीं सीआईएसएफ के आधिकरी मामले की जांच में जुट गए है.

हमारे प्रत्याशियों को मिल रही धमकियां: जोगी

रायपुर,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में चुनावी हलचल के बीच राजनीतिक पार्टियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौरा जारी है. इस बीच जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने अपने प्रत्याशियों की सुरक्षा की मांग की है. उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है कि उनके प्रत्याशियों को डराया-धमकाया जा रहा है. बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब अमित जोगी ने इस तरह का आरोप लगाया है. इससे पहले उन्होंने महासमुंद और सरायपाली के जोगी कांग्रेस के प्रत्याशियों को धमकाने का आरोप लगाया था. अब उन्होंने खल्लारी विधानसभा से जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी को धकाने का आरोप लगाकर चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की है.

अमित जोगी ने ट्वीट कर कहा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रत्याशियों को लगातार धमकियां मिल रही है. नाम वापस लेने सत्ताधारी दल के नेता हमारे प्रत्याशियों को डराने और धमकाने में लगे हैं. इसी संदर्भ में हमने फिर चुनाव आयोग को 41- खल्लारी विधानसभा से हमारे प्रत्याशी रेखाराम बाग को मिल रही धमकियों के विषय में अवगत कराया और तत्काल कार्रवाई की मांग की. उन्होंने कहा कि मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि '75 पार' की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले आखिर हमें मिल रहे जनसमर्थन से इतना घबरा क्यों गए हैं? हम फिर चुनाव आयोग से निवेदन करते हैं कि वो छत्तीसगढ़ में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन तत्परता से करे और शिकायतों की जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करे.

रायपुर,2 नवंबर। दक्षिण विधानसभा से चुनाव लड़ रहे दो दर्जन से अधिक लोगों ने आज कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया है। ऐसे ही 8 लोग जिन्होंने नामांकन फार्म तो लिया लेकिन दाखिल नहीं किया उन्होंने ने भी महंत रामसुंदर दास का समर्थन करने की घोषणा की । आज एक होटल में नाम वापस लेने वाले सभी लोग कांग्रेस उम्मीदवार के साथ मौजूद थे । महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे भी इस मौके पर उपस्थित थे।

एक नजर

महिला आरक्षक से मारपीट,जुर्म दर्ज

भिलाई, 2 नवंबर। भिलाई पुराने विवाद को लेकर तीन महिलाओं ने खुर्सीपार थाना में पदस्थ महिला आरक्षक के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की पीड़िता की शिकायत पर पद्मनाभपुर थाना पुलिस आरोपी महिलाओं के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार थाना में पदस्थ महिला आरक्षक आकांक्षा बरुआ पुलिस लाइन क्वार्टर दुर्ग में निवासरत है आकांक्षा बरुआ का 5 अक्टूबर को पुलिस लाइन क्वार्टर में ही रहने वाले पड़ोसी पुष्पेंद्र पटेल के साथ विवाद हुआ था, जिस पर पीड़िता ने पद्मनाभपुर थाना में अपराध दर्ज कराई थी इस मामले को लेकर दोपहर को घटनास्थल पर पुलिस लाइन क्वार्टर में स्थल का नक्शा बनाने पटवारी आई थी जिसे जगह दिखाने के लिए पीड़िता गई हुई थी इस दौरान पुष्पेंद्र पटेल की बहन उमिषा पटेल, रेणुका पटेल एवं छोटी पटेल तीनों ने पीड़िता को पकड़ लिया और गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर जमकर मारपीट की महिलाओं ने कहा कि तूने हमारे भाई को जबरन फसाई है पीड़िता से कहा कि तुझे अपनी नौकरी पर बड़ा घमंड है, अब नौकरी करना तुझे भारी पड़ेगा यह कहकर पीड़िता की जमकर हाथ मुक्के से पिटाई की आसपास से लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया ।

इस्पात नगरी में सेल्फी पाइंट बना आकर्षण केन्द्र

भिलाई, 2 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने मतदाता जागरूकता अभियान के विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाता है। इसके तहत इस्पात नगरी भिलाई में, इस्पात भवन, संयंत्र परिसर में संयंत्र भवन, सिविक सेंटर में नेहरू आर्ट गैलरी के समक्ष सेल्फी पाइंट बनाई गई है। यह सेल्फी पाइंट लोगों के लिए आकर्षण और सेल्फी लेने का केन्द्र बन गया है।1 नवम्बर को नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास, एसडीएम, दुर्ग जागेश्वर कौशल, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी ने कला मंदिर स्थित सेल्फी पाइंट में बड़े रोचकता से सेल्फी ली। इसी तरह 31 अक्टूबर को मानव संसाधन विकास केन्द्र में रन फॉर वोट के आयोजन के दौरान संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ राजीव पाल सहित अनेक अधिकारियों ने सेल्फी का आनंद उठाया था।

7th Nov. 2023
इस्पात की ताकत है, मेरे वोट की ताकत
मैं इस्पात ढालने के साथ साथ वोट भी डालूंगा...

रेसुब ने चेकिंग के दौरान जब्त किये 58 लाख के आभूषण

भिलाई, 2 नवंबर। बुधवार को समय करीबन 12.30 बजे रेसुब निरीक्षक एस.के.सिन्हा, उप निरीक्षक सनातन थानापति, अधिकारी व स्टाफ के साथ रेलवे स्टेशन दुर्ग में प्लेटफार्म एवं गाडियों की चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर प्लेटफार्म नं. 02 पर गाडी सं. 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्स. के कोच डी 5 में मौजूद दो व्यक्ति के पास रखे लाल रंग की एक ट्रॉली बैग को मौजूद गवाहों के समक्ष चेक करने पर उसमें सोने से बना हआ आभूषण (लगभग 01 किलो सोना से बने हुए अंगुठी, ब्रेसलेट,नाक की फुल्ली, कान की बाली इत्यादि की अनुमानित कीमत लगभग 58,00,000/- (अठावन लाख रूपये) एवं एक बैग में इमिटेशन ज्वेलरी जैसे नाक की फुल्ली, कान का टाप्स अनुमानित कीमत 3000/- (तीन हजार रूपये) कुल कीमत 58,03000/- (अट्ठावन लाख तीन हजार रूपये) मिला जिसके संबंध में उनके द्वारा किसी प्रकार का वैध कागजात/बिल पेश नहीं कर सके ।तब निरीक्षक एस के सिन्हा द्वारा मौजूद गवाहों के समक्ष जप्ती पत्र तैयार कर उक्त संपत्ति को जब्त कर आगे की कानूनी कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त,राज्यकर,जीएसटी जिला नोडल, दुर्ग (छग) को सुपुर्द किया गया।

कई चेक पाइंट पर की जा रही चेकिंग

भिलाई, 2 नवंबर। भिलाई विधानसभा चुनाव को देखते हुए दुर्ग जिले में पहरेदारी सख्त कर दी गई है। शहर में चेक प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां से शहर में आने वाले और जाने वाले हर वाहन और व्यक्ति पर नजर रखे जा रही है। इसी का नतीजा है कि चेकिंग के दौरान 18 लाख रु. का गुड़ाखू व चार थाना क्षेत्र में कुल 22 हजार रुपए की शराब जब्त की है। इसके अलावा भी एक दिन की कार्रवाई में कुल कैश लगभग 7,96,500, सोना-चांदी 37,43,223 रु. की बरामद की है। यह कार्रवाई एफएसटी, एसएसटी, थाना व चौकी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई है विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। एक तरफ गुंडा, बदमाशों और वारंटियों पर कार्रवाई की जा रही। वहीं दूसरे ओर बाहर से आने-जाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। होटल, लाज और ढाबा संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति आता है और उसकी गतिविधि संदिग्ध दिखती है तो तत्काल इसकी सूचना संबंधित थाने को दी जा रही हैं वहीं दूसरे राज्य से आकर यहां किराए में रह रहे लोगों की भी पुलिस ने जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। चेक पॉइंट्स के जरिए जिले में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति और वाहन पर नजर रखी जा रही है। यहां दिन-रात पुलिस जवान तैनात रहते हैं जो हर आने जाने वाले वाहन को चेकिंग कर रहे हैं 24 घंटे एफएसटी, एसएसटी व स्थानीय पुलिस की कार्रवाई दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि में विधानसभा चुनाव 2023 के परिपेक्ष में आदर्श आचार संहिता के परिपालन में लगातार 24 घंटे एफएसटी एसएसटी एवं थाना चौकी में जवान तैनात होकर ड्यूटी कर रहे हैं।

सेवा संकल्प पत्र की गारंटी समृद्ध पंडरिया के हमारे सपनों को साकार करेगी:भावना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 2 नवंबर। विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भावना बोहरा ने आज रणवीरपुर में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, बिहार के पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, कबीरधाम जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित पंडरिया विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र का विमोचन किया.। इस दौरना उन्होंने भाजपा रणवीरपुर मंडल के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर, सिंघौरी, गैंदपुर, बंधी, दानी घटोली, बगदई, मोहतरा, सेमरिया, खैरझिटी, मुंगेलीडीह, गोछिया,पेंड्री, भाटकुंडेरा,बाजार चारभाठा, सिंघनपुरी, नेवासपुर, रमपुरा, दनिया, धनेलीडीह, गांगीबहरा, उड़ियाकला, उड़ियाखुर्द, बनिया, दनियाखुर्द, बिरनपुर, खपरी, राजपुर एवं टाटीकसा में जनसंपर्क किया और 7 नवम्बर को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाजपा को मतदान करने की अपील की. उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस सेवा संकल्प पत्र की गारंटी हमारे समृद्ध पंडरिया के सपने को साकार करेगी. आप सभी के सहयोग से हम आने वाले समय में इन सभी संकल्पों को जरुर पूरा करेंगे.मैं आप भी आग्रह करती हूँ कि हमारे इस कर्तव्यपथ में कदम से कदम मिलाकर साथ में आगे बढ़ें और पंडरिया को कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार से मुक्त करने में भारतीय जनता पार्टी को चुनें.। भावना बोहरा ने कहा कि इस सेवा संकल्प पत्र में हर वर्ग की उम्मीदें हैं. हर वर्ग के सपने हैं। मेरा पंडरिया परिवार अपने हर लक्ष्य में सफलता प्राप्त करे, इसी कामना के साथ पंडरिया की बेटी परिवर्तन करके दिखाएगी। हर वर्ग के जीवन में खुशहाली का संकल्प पूरा करना ही मेरा ध्येय है. अपने संकल्प के साथ मैंने जिला पंचायत सदस्य के रूप में राजनीति का मार्ग चुना जिसमें क्षेत्र के मेरे परिवारजनों ने अपने अपार समर्थन से मुझे रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाया। एक वह क्षण था आज यह क्षण है जो मुझे हमेशा अपने क्षेत्र एवं उसमें निवासरत मेरे लाखों परिवारजनों की सेवा, सुरक्षा,समाधान तथा समस्याओं को दूर कर उनकी आकाँक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रेरणा प्रदान करती रहेगी.मैं आश्वस्त करती हूँ कि आप सभी के विश्वास के प्रति मैं पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों की पूरा करने के लिए पुरजोर मेहनत करुँगी.ग्रामवासियों ने भी उनका भव्य स्वागत किया और भावना बोहरा को जीत का आशीर्वाद प्रदान किया।

निर्दलीय प्रत्याशी रामजी मेरावी ने भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा को दिया समर्थन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,2 नवंबर। कवर्धा विधानसभा 72 के निर्वाचन में निर्दलीय प्रत्याशी मै रामजी मेरावी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय शर्मा को अपना समर्थन दिया। उन्होंने लिखित में समर्थन देकर कहा भारतीय जनता पार्टी ने विजय शर्मा जी को कवर्धा विधानसभा के लिए प्रत्याशी घोषित किया है . चुनाव प्रचार के दौरान मैंने विजय शर्मा का क्षेत्र की जनता के साथ सीधा संबध महशुस किया। शर्मा द्वारा जनता के लिए समर्पण भाव से किये गये कार्यो को जाना । मैंने अपने चुनाव प्रचार दौरान पाया कि विजय शर्मा न केवल भारतीय जनता के प्रत्याशी है अपितु वे जनता के दिलो में राज करने वाले सहज ,सरल और मिलनसार सभी के सुख दुःख में सहयोगी नेता है । इसलिए अपने मन की आवाज को सुनकर मै विजय शर्मा भैया का समर्थन करता हूँ आज दिनांक से मै अपना चुनाव प्रचार बंद कर विजय भैया के प्रचार प्रसार में सहयोगी रहूँगा। मै कवर्धा विधानसभा के जनता माता बहनों से अपील भी करता हूँ जैसे आपने विजय शर्मा को अपने दिलो में स्थान दिया है वैसे ही 7 नवम्बर को अधिक से अधिक मतदान कर विजय शर्मा को भारी बहुमत से जीत दिलाये ।

इस दौरान गमछा पहनाकर रामजी मेरावी का स्वागत किया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया उन्होंने कहा परिस्थियों को समझते हुए कवर्धा की जनता की भलाई के लिए आपने अपने सहृदय का परिचय दिया इसका मै स्वागत करता हूँ। स्वयं से ऐसा फैश्ला लेना किसी प्रत्याशी का बड़ी बात है । इस दौरान अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रामजी मेरावी ने विजय शर्मा का समर्थन किया।

कवर्धा। करवा चौथ पर्व के दिन चांद की दीदार कर सुहागिनों ने तोड़ा निर्जला व्रत और पति के हाथो से पत्नी को जल पिलाया ।

Happy
करवा चौथ

करवाचौथ पर गांवों में महिलाओं ने बनाई रंगोली

नंदिनी खदान में स्वच्छता माह का हुआ समापन

Swachhata Hi Seva
GARBAGE FREE INDIA
SPECIAL CAMPAIGN 3.0

भिलाई, 2 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी खदान और भारतीय खान ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान में 2 अक्टूबर से संचालित स्वच्छता माह का समापन समारोह, डीएवी इस्पात विद्यालय नंदिनी में दिनांक 31 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय खान नियंत्रक प्रेम प्रकाश, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व नंदिनी माइंस में आये हुए भारतीय खान ब्यूरो एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नंदनी माइंस के कुछ स्थानों का भ्रमण किया। इसके पश्चात विवेकानंद उद्यान में वृक्षारोपण एवं सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न किया गया।

पंडरिया में विकास होता तो ममता की टिकट नहीं कटती:रवि चंद्रवंशी

कवर्धा, 2 नवंबर। विधानसभा चुनाव वोटिंग के लिए जैसे जैसे दिन पास आ रहे हैं वैसे ही प्रचार प्रसार भी जोर शोर से चलने लगा है सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी बात जनता तक रख रहे हैं साथ ही जीत होने पर क्या क्या करेंगे इसका वादा भी किया जा रहा है , मगर अब वादा से भी बढ़कर जोगी पार्टी पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रवि चंद्रवंशी द्वारा विधायक बनने के बाद क्षेत्र के विकास के लिए क्या क्या करेंगे उसको 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर लिखकर जनता के समक्ष शपथ पत्र के रूप में रख दिया गया है, जिससे कि आने वाले दिनों में पंडरिया के मतदाता अब किसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। पंडरिया विधानसभा के जोगी पार्टी के प्रत्याशी रवि चंद्रवंशी ने कहा कि आज जनता को अपने एक वोट की क़ीमत समझने का वक्त है, जहाँ एक वोट सही व्यक्ति को मिले तो भविष्य का 5 साल खुशहाल होगा, क्षेत्र का विकास होगा परंतु वही एक वोट किसी गलत प्रत्याशी को चला गया तो फिर उसकी कीमत जनता को ही उठाना पड़ता है इसलिए आज मैं एक प्रत्याशी के रूप में शपथ पत्र दिया हु की वनांचल क्षेत्र सेंदुरखार से लेकर वीरेंद्रनगर तक की हर प्रकार की छेत्रिय समस्या को दूर करने का काम करूंगा। प्रेस वार्ता में तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की कांग्रेस यह दावा कर रही है की बहुत विकास हुआ है तो जवाब में रवि ने कहा की विकास होता तो विधायक ममता की टिकट नहीं कटती ।

विधायक के काम से प्रभावित होकर भाजपा से कांग्रेस में हुए शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 2 नवंबर। विधायक देवेंद्र यादव जनता का भरपूर सहयोग और आर्शीवाद मिल रहा है। वार्डो में विधायक यादव विश्वास यात्रा कर रहे हैं। लगातार लोगों से मिल रहे है। लोगों के घरों में जाकर लोगों का कुशल क्षेम पूछ रहे है। इसमें विधायक यादव को हर वार्ड में बड़े, बुजुर्ग,माताओं और बहनों का भी भरपूर आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। जहां भी जिस भी गली में मोहल्ले में वे जा रहे हैं। वहां हजारों की संख्या में लोग खुद से अपने घरों से निकल कर समर्थन दे रहे हैं। गली-गली में विधायक यादव का लोग ढोल बाजे, फूल मालाओं से स्वागत कर रहे हैं। पटाखे फोड़ रहे हैं और कई जगह पर पुष्प वर्षा भी कर रहे हैं। बुधवार को सबसे पहले वार्ड 43 दुर्गा मंदिर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली गई। इसके बाद सेक्टर 7, सेक्टर 10 में भी विश्वास यात्रा निकाली गई है। सभी जगह पर विधायक देवेंद्र यादव का लोगों में बहुत ज्यादा क्रेज है। अपने घर और गली में विधायक को देखकर लोग घरों से निकल कर उनका स्वागत करने के साथ ही उनके साथ सेल्फी ले रहे है। हर परिवार विधायक यादव के साथ परिवार सहित फोटो खिंचवा रहा है।

भाजपा नेता हुए कांग्रेस में शामिल

विश्वास यात्रा के दौरान भाजपा नेता व वार्ड के छाया पार्षद बबलू चौबे अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में प्रवेश किया। भिलाई नगर विधायक यादव के काम से प्रभावित होकर छाया पार्षद बबलू चौबे कांग्रेस प्रवेश किए। जब विधायक यादव विश्वास यात्रा कर रहे थे, तब उन्होंने विधिवत कांग्रेस प्रवेश किया और विधायक यादव ने कांग्रेस परिवार में शामिल होने वाले लोगों को दिल से स्वागत दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर ने कई जगह किया जनसंपर्क

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 2 नवंबर। वैशाली विधानसभा के कांग्रेस के लाडले प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर का आज के दिन का जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ अवंती बाई चौक से शुरू होकर गायत्री मंडी से होकर जुलाब किराना स्टोर एवं सियान सदन, देवांगन बड़ा, लिमाहा तालाब से होकर ईदगाह चौक से होते हुए फरीदिया चौक पर समापन हुआ। प्रत्याशी द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किये गये घोषणाओं को भी लोगो के बीच बताया जा रहा है जिनके लोगों में काफी उत्साह का माहौल है। इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हर्ष और उल्लास है। पहले की तरह किसानों का कर्ज माफ होगा केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी ,गैस सिलेंडरों पर 500 प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे, 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त,17.5 लाख गरीब परिवारों को मिलेगा खुद का आवास ,तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा 4,000 सालाना बोनस ,गरीब परिवारों को 10 लाख तक एपीएल परिवारों को 5 लाख तक इलाज की सहायता ,भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में 7,000 की जगह अब 10,000 सालाना ,महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजना अंतर्गत लिए ऋ्रण होंगे माफ ,लघु वनोपजों की रूस्क्र पर देंगे अतिरिक्त 10/ प्रति किलो, राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन,700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्को (रीपा) की करेंगे स्थापना ,सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा निऱ्शुल्क इलाज,परिवहन व्यवसायियों के 726 करोड़ का बकाया कर्ज होगा माफ,तिवरा की भी होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी,जातिगत जनगणना करवाई जाएगी7 इन सब योजनाओं को घर घर जनसंपर्क माध्यम से बताया जा रहा है।

रिकेश सेन का कैंप में जनसंपर्क, स्थानीय लोगों से मिला समर्थन

भिलाई, 2 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी वैशाली नगर विधानसभा के प्रत्याशी रिकेश सेन ने कैंप के वार्ड नं 26, 27, 28 में धुआंधार जनसंपर्क किया ।जनसंपर्क के दौरान वार्ड के वासियों ने उनका फूल हार एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया ।वार्ड में हर स्थान पर वरिष्ठ हो या युवा,महिलाएं हो हर किसी से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की और उनसे आशीर्वाद मांगते । स्थानीय लोग भी राकेश सेन को अपना अपार स्नेह एवं आशीर्वाद दिया ।स्वागत से प्रसन्न होकर रिकेश सेन ने कहा कि कैम्प के जलेबी चौक में मैं पैदा हुआ हू और आप के बीच का हू आपका अपना राजू और आप अपने राजू को अपना आशीर्वाद जरूर देंगे ।आप जब भी अपने राजू को याद करेंगे अपने बीच पाएंगे ।जनसंपर्क के दौरान त्रिलोचन सिंह,विजय सिंह,राम उपकार तिवारी,मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता,युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा, महिला मोर्चा रश्मि साव, तरुण सिंह, लतेल यादव, शिव नारायण गुप्ता, संजय जायसवाल, धर्मेंद्र पांडेय, लक्ष्मी साव, शोभा भगत, नवीन सिंह, आशु तिवारी, तरुण डकैता, तरुण देवांगन, नीरज तिवारी आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय हुडको व खुर्सीपार में लोगों से मिले

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 2 नवंबर। भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने हुडको एवं खुर्सीपार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। पाण्डेय ने कहा कि शिक्षाधानी भिलाई कांग्रेस राज में अपनी पहचान खो चुका है, इसकी खोई हुई पहचान दिलाने के लिए एक बार फिर यहां विकास का कमल खिलाना जरूरी है। जनसंपर्क के दौरान महिलाओं एवं युवाओं ने अपना समर्थन देते हुए कहा कि भिलाई में शांति और विकास के लिए भाजपा जरूरी है। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने पाण्डेय का विजय तिलक लगाकर उन्हें जीत का आर्शीवाद भी दिया। पाण्डेय ने कहा कि भाजपा विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जब भी आपने हमें अपना आर्शीवाद दिया, हमने क्षेत्र के विकास के लिए पूरा प्रयास किया। हमें पूरा भरोसा है कि इस बार आप सभी के सहयोग से भिलाई में कमल खिलेगा और फिर आगे बढ़ेगा भिलाई। सेक्टर -7 से भिलाई बचाओ अभियान की शुरूआत पाण्डेय ने कहा कि पिछले 5 सालों में भिलाई की जो दुर्दशा हुई है, वो अब नहीं सहेंगे। 2 नवंबर से भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत जनता के बीच जायेंगे और फिर से भिलाई को आगे बढ़ायेंगे। आईआईटी के नाम से जानी जाने वाली भिलाई आज महादेव आईडी के नाम से जानी जा रही है, हम सबको इसकी पहचान वापस दिलाना है। इसकी शुरुआत गुरुवार 2 नवंबर को प्रातः 08.30 बजे सेक्टर -7 सड़क 1 हनुमान मंदिर से की जायेगी।

लड़कों ने की लड़ीकी की पिटाई

भिलाई, 2 नवंबर। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र मरोदा क्षेत्र में कुछ दिनों पहले तीन चार लड़के एक युवक को स्टेशन मरोदा रेलवे फाटक के ठीक सामने जमकर पिटाई कर दी इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है बता दें कि घटना बीते 26 अक्टूबर को स्टेशन मरोदा रेलवे फाटक के पास चौपाटी के सामने की है बीती रात में 4- 5 युवकों ने नशे की हालत में मेडिकल दुकान में काम करने वाले ईश्वर साहू को बुरी तरह पीट दिया बताया जाता है कि घटना से दो दिन मरोदा रेलवे फाटक बंद करने वाले युवक हरीश साहू को केबिन में घुसकर पीटा था ।

एक नजर

सॉफ्टबॉल बिहार सीनियर पुरुष और महिला टीम के कोच होंगे ओमान तंबोली

राजनांदगांव 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। श्रीनगर में 4 से 7 नवबर तक होने वाली सीनियर सॉफ्टबाल प्रतियोगिता मे राजनांदगांव के कोच ओमान तंबोली अब बिहार के कोच होंगे। 16 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक कोचिंग कैंप बिहार टीम के साथ काम किया और टीम को प्रतियोगिता के लिए त्यारी कराई और अब टीम के साथ 1 नवंबर को श्रीनगर के लिए रवाना हुए। कोच का कहना है कि 13 दिन की मेहनत के बाद यह टीम प्रतियोगिता में काफी बेहतर खेल खेलेगी और उनका खेल में परिणाम काफी अच्छा होगा। इससे पहले भी ओमान असम के लिए काम कर चुके है और अब बिहार के लिए काम करने का मौका मिला जो मेरे और मेरे शहर के लिए प्रसन्नता की बात है।

आपका समर्थन और आशीर्वाद प्रदेश के विकास को गति देगा

सर्व ब्राह्मण सम्मेलन में शामिल हुए डॉ रमन सिंह

राजनांदगांव 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार डॉ रमन सिंह बुधवार को सर्व ब्राम्हण समाज के सम्मेलन में शामिल हुए। सिंधु भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या मौजूद विप्रजनों को संबोधित करते हुए डॉ रमन सिंह ने अपने लिए समर्थन और आशीर्वाद मांगा। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का बहुमुखी विकास हुआ। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक विकास की गंगा बहती रही, लेकिन पिछले पांच वर्षों से प्रदेश का विकास ठप्प पड़ा हुआ है। प्रदेश को फिर से विकास की राह पर ले जाने की जरूरत है। इसके लिए जनता को भारतीय जनता पार्टी को जीता कर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बैठानी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार की जोड़ी थी तब तक प्रदेश के इतिहास का स्वर्णिम काल था, जो पिछले पांच साल से विकास के ग्रहण में तब्दील हो गया है। पुनः एक बार छत्तीसगढ़ की जनता को डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका मिला है। आप सभी का समर्थन और आशीर्वाद प्रदेश के विकास को गति देगा। उन्होंने आने वाले 7 दिसंबर को भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज हमेशा डॉ रमन सिंह को समर्थन और आशीर्वाद देता रहा है। इस बार फिर भाजपा प्रत्याशी की हैसियत से मैं आपके बीच समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त करने आया हूँ। कार्यक्रम को विप्र समाज के प्रबुद्धजनों ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व कलेक्टर जीएस मिश्रा, अशोक चौधरी, प्रदीप मिश्रा सभी ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी और विप्रजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच डॉ रमन सिंह का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ रमन सिंह ने राज्य निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को नमन किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर यंहा के लोगों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा किया था। कांग्रेस की सरकार ने हमेशा से पृथक छत्तीसगढ़ की मांग को अनसुना किया था, जिसे भाजपा की सरकार ने पूरा किया। छत्तीसगढ़ की जनता के दर्द को, तकलीफ को अगर किसी ने समझा है तो वो अटल बिहारी वाजपेयी जी ने समझा भाजपा ने समझा और अलग राज्य का निर्माण किया। इसके बाद 15 साल तक प्रदेश में विकास के नए आयाम गढ़े गए, लेकिन पिछले पांच साल प्रदेश अंधकार मय रहा।

सर्व ब्राम्हण समाज
राजनांदगांव
आपका हार्दिक अभिनंदन करता है

हमने देश बनाने का काम किया, भाजपा बताए उसने क्या किया : मल्लिकार्जुन खड़गे

सुकमा,2 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मैं आपसे सिर्फ वोट मांगने ही नहीं आया हूं, हमें चुनाव जीतना है, लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी संविधान को बचाना है और समाज को बचाना है। यह बात आज सुकमा में हुई जनसभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे ने कही।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में जो वादे किए थे, चाहे वो एमएसपी बढ़ाने का हो या राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों के खातों में पैसे पहुंचाने का हो उसे पूरा किया है। भाजपा के शासन काल में अमीर और अमीर हो रहा है, गरीब और गरीब होता गया। लेकिन कांग्रेस ने आम लोगों के लिए काम किया है, इसलिए हम आप से वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस के लोगों ने देश के लिए अपनी जान दी है। नेहरू-गांधी के उसूलों पर चलकर देश को आजाद कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने देश के लिए कुछ नहीं किया और बार-बार सवाल पूछते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया। एक समय देश में स्कूल नहीं थे, हास्पिटल नहीं थे, बैंक नहीं थे, व्यापार नहीं था। देश को बनाने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने मनरेगा जैसी योजना देने का काम किया है। हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया। नेहरू जी और डॉ अंबेडकर ने मिलकर संविधान बनाया, जिसमें सबको वोट देने का अधिकार दिया।

जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की-राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि हम जल, जंगल और जमीन के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। हम आदिवासियों की लड़ाई लड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जल, जंगल और जमीन का अधिकार आदिवासियों को देने का काम किया है। कांग्रेस जीवन को बचाने के अधिकारों के लिए लड़ रही है। आदिवासी मूल निवासी हैं। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की है। कांग्रेस इसे बचाना चाहती हैं। जबकि बीजेपी इसे बेचना चाहते हैं। हम आपको आपका अधिकार देने के लिए आए हैं।

सच बीजेपी को हजम नहीं होता-राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि मोदी जी ने 15 लाख रुपये देने का वादा किया था, हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा किया था लेकिन इसमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। वह गुजरात के मुख्यमंत्री रहे लेकिन वहां भी गरीबी दूर नहीं कर पाए। हम जब उन्हें झूठा बोलते हैं तो इसमें गलत क्या है। कांग्रेस सच बोलती है और यह बात बीजेपी के लोगों को हजम नहीं होती। मोदी ने कहा कि लोग उन्हें गलियां देते हैं। वह अगर देश के लिए करेंगे तो लोग उन्हें गालियां नहीं देंगे।

कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती है-राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे कहा कि कांग्रेस ने सभी वादे पूरे किए हैं। इस बार भी 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी, केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा समेत अन्य घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करके दिखाती है।

पीएम मोदी चश्मा उतार कर देखें छत्तीसगढ़ का विकास

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खरगे ने कहा कि बीजेपी नेताओं के पास कांग्रेस नेताओं को गाली देने के अलावा कोई काम नहीं। वह लोग ऐसा माहौल बनाते हैं कि 2014 के बाद ही सारे काम हुए हैं। तेंदूपत्ता का दाम हमने बढ़ाया, वन अधिकार पट्टा पूरे देश में सबसे अधिक हमने दिया, धान का सबसे ज्यादा दाम हमने दिया, बिजली की व्यवस्था की, क्या जो स्कूल छत्तीसगढ़ में खुले हैं, वह सब मोदी जी ने खोले हैं। नड्डा जी और मोदी जी चश्मा उतारकर देखें तब उन्हें छत्तीसगढ़ का विकास दिखाई देगा।

न्यूनेटल हाइपोक्सिक इंसीफैलो - पेथी की समस्या से थी ग्रसित

खड़ी नहीं हो पाती थी आराध्या अब दौड़ लगाने तैयार

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 2 नवंबर । जन्म के समय कम रोने की वजह से शारीरिक रूप से आई विकृति से ग्रसित नन्ही बच्ची आराध्य का जीवन बड़ा कठिन दिखाई पड़ रहा था । वह 13 माह की उम्र तक अपने पैरों पर खड़े हो पाने की स्थिति में नहीं थी । इस बात ने माता-पिता को विचलित कर दिया । अपनी बेटी का सही इलाज करने के लिए उन्होंने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ मोहबे से संपर्क किया । डॉक्टर मोहबे ने उन्हें सुझाव दिया कि वे डॉक्टर रश्मि- हर्ष मोतीरमानी के पास उसे लेकर जाएं और फिजियोथैरेपी कराएं । डॉक्टर की सलाह काम आई और अब लगभग 16 माह की उम्र में बेबी आराध्या ने अपने पैरों पर खड़े होकर चलना भी सीख लिया है ।

नगर के गणपति विहार कॉलोनी , लक्ष्मी नगर के समीप रहने वाले सिंह परिवार की लाडली बेटी आराध्या को जन्म से ही न्योनेटल हाइपोक्सि क इंसीफैलोपैथी नामक बीमारी ने घेर लिया था । बीमारी की वजह से लगभग 13 माह की उम्र तक वह अपने पैरों पर खड़ी हो पाने में असमर्थ थी । ऐसी विकट स्थिति में संजीवनी फिजियोथैरेपी सेंटर के चिकित्सक दंपति रश्मि- हर्ष मोतीरमानी ने उक्त बच्ची का इलाज शुरू किया । आज आराध्या 16 माह की है । महज तीन माह के इलाज के बाद अब वह अपने पैरों पर खड़ी हो पा रही है और चल भी रही है । हमें आराध्या की मां ने चर्चा में बताया कि उसे बोलने में भी समस्या थी। जिसकी स्पीच थेरेपी इलाज भी डॉक्टर रश्मि मोतीरमानी द्वारा किया गया । अब आराध्य पापा और मां बोलने का प्रयास भी करने लगी है । फिजियोथैरेपिस्ट रश्मि मोतीरमानी के इलाज को बेबी आराध्या के परिजन किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं ।

ऐसी समस्या होने पर न करें अनदेखी

संजीवनी फिजियोथैरेपी के विशेषज्ञ चिकित्सक रश्मि-हर्ष मोतीरमानी ने हमें बताया कि बच्चों में इस प्रकार की समस्या होने से किसी प्रकार से अनदेखी नहीं की जानी चाहिए । उनका कहना है कि 2 वर्ष से पूर्व इस तरह के बच्चों का इलाज किया जा सकता है । समय बीतने के साथ इलाज भी मुश्किल हो सकता है और सफलता भी संदेह के दायरे में होती है । उन्होंने संदेश देते हुए कहा है कि ऐसे बच्चों के माता-पिता को निराश नहीं होना चाहिए ,बल्कि इलाज के लिए चिकित्सक से सलाह अवश्य लेनी चाहिए

भूमि ट्रेडर्स
ESSCO
SGK MOTORS

गुंडा-बदमाश व आसामाजिक तत्वों पर पुलिस बनाए हुए है लगातार पैनी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 2 नवंबर । आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने एवं आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिये थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू द्वारा जिला बल एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल के करीब 200 जवानो के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शहर के प्रमुख चौक पुराना बस स्टैंड, गंज चौक, तिरंगा चौक ,जय स्तंभ चौक, महावीर चौक पोस्ट ऑफिस चौक सहित कन्हारपुरी, लखोली क्षेत्र में फ्लेग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में जिला पुलिस बल व बिहार (एसएपी) 12 बी कम्पनी द्वारा ग्राम घोरदा के गली, चौंक चौराहो व रोड़ पर फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना छुरिया पुलिस द्वारा प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार एक्का एवं थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा के नेतृत्व में थाना स्टॉफ छुरिया एवं बाहर से आये सीएपीएफ बल ई कॉय भीनगर सुपौल बिहार, ईको-48 एवं ईको-49 झारखण्ड की आर्म्स फोर्स कंपनी के साथ संयुक्त रूप से नगर छुरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना डोंगरगढ़ निरीक्षक भारत बरेठ के नेतृत्व में डोंगरगढ़ में निकल गया पैदल फ्लैग मार्च। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा लोगों से अपील भी किया जा रहा है कि मतदान के समय किसी प्रकार की अशांति फैलाने या असंवैधानिकृत्य करने का प्रयास न करें, यदि कोई अप्रिय स्थित घटित होने की संभावना हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें संबंधित आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यावाही की जाएगी।

फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 2 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण कार्य के संबंध में छुरिया विकासखंड के ग्रामों में आकस्मिक निरीक्षण किया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में 7 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्चियों का वितरण किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची को वितरण कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने छुरिया विकासखंड के ग्राम जोशीलमती और खुर्सीटिकुल पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्राम जोशीलमती निवासी श्री डोमन कुमार साहू के घर पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में जानकारी ली। ग्राम जोशीलमती की बीएलओ श्रीमती हेमलता साहू ने बताया कि गांव में कुल 1278 मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण शत प्रतिशत किया गया है। बीएलओ श्रीमती हेमलता साहू ने दो व्यक्तियों की मृत्यु और एक व्यक्ति अन्य जगह रहने की जानकारी दी। उन्होंने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण के लिए संधारित पावती पंजी का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने छुरिया विकासखंड के ग्राम खुर्सीटिकुल के श्री पारस भण्डारी के यहां फोटोयुक्त मतदाता पर्ची प्राप्ति के संबंध में जानकारी ली। श्री पारस भण्डारी ने बताया कि हमारे घर के सभी मतदाता सदस्यों का मतदाता पर्ची प्राप्त हो गया है। ग्राम खुर्सीटिकुल की बूथ लेवल अधिकारी श्रीमती कौशल्या तारम ने बताया कि गांव में 880 मतदाता है, जिसमें से 860 मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने समय-सीमा में शत प्रतिशत फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पर्ची प्राप्त हो जाना चाहिए। जिससे वे मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर सकें। इ

किसान के सिर न हो कर्ज इसलिए निभा रहे फर्ज:गिरीश देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव,2 नवंबर। राजनांदगांव विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने चुनावी जनसंपर्क के दौरान पेन्ड्री वार्ड के जैतखांभ में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क यात्रा की शुरूआत हुई जो मतदाताओं से संपर्क करते हुए अटल आवास वार्ड 20 पहुंचे जहां पर लोगों से चर्चा कर अपने पक्ष में जनसमर्थ मांगा। तत्पश्चात जनसंपर्क यात्रा शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड रेवाडीह 22 में बूढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर निकली जो वार्ड भ्रमण करते हुए आमजन मानस से कांग्रेस के पक्ष में जनसमर्थन मांगा। आम जनता से संपर्क करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार जहां किसानों आम जनता, महिला वर्ग युवा वर्ग, के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का कार्य कर रही है और 2018 में बनने के बाद कांग्रेस ने गंगाजल को हाथ में लेकर के जो किसानों के लिए कर्ज माफ की कसम खाई थी उसे 10 दिन नहीं बल्कि 2 घंटे के अंदर पूरा कर किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाकर अपना राजधर्म निभाया था। किसानों के धान का वाजिब मूल्य देने के लिए भी काम कांग्रेस सरकार ने की इसी प्रकार महिला समूह के 12 करोड़ से अधिक की राशि का कर्ज माफ कर उन महिला समूह को सशक्तिकरण के मार्ग पर अग्रसर किया यहां तक महिलाओं को स्वरोजगार के रूप में अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके उत्पाद को विक्रय करने के लिए सी मार्ट की स्थापना की इसी प्रकार कन्या विवाह की राशि 15000 से बढ़ाकर जहां 25000 करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया हाट बाजार क्लिनिक जैसे योजनाएं धरातल पर लागू कर धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ कर आम जनता के स्वास्थ्य की भी चिंता छत्तीसगढ़ सरकार ने की है किसानों के माथे पर कर्ज रूपी चिंता की जो लकीरें रहती थी उन्हें समाप्त करने का काम छत्तीसगढ़ सरकार ने की है और फिर से किसानों को इस बोझ से उबरने के लिए संकल्पित मन से काम करने की मंशा कांग्रेस सरकार की है इसीलिए भरोसे की सरकार के रूप में काम कर रही है। कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप कुतबुद्दीन सोलंकी, सुदेश देशमुख, रूबी गरचा, मेहुल मारू, दिनेश शर्मा, मोती साहू, आसिफ अली, चंद्रभान बाजपेयी, सुरेन्द्र देवांगन, संदीप जायसवाल, इंशाक खान, परस लहरे, गोपी टंडन, गामेन्द्र, जितेन्द्र कौशिक, वार्ड अध्यक्ष उमेश राजपूत, सोनू राजपूत, धनेश श्रीवास, देवेन्द्र राजपूत, जगदीश रजक, चरण कुमरे, विनोद साहू, जीवन साहू, शेखर नेताम, नारद ध्रुव, उर्मिला निषाद, गिरजा देवांगन, माधुरी साहू, सुनिता साहू, सुभरन बाई, राजकुमार साहू, झाडू साहू, खिलेश्वर साहू, टिकेश यादव, आशीष ठाकुर, लक्की कोमरे, संजू कोमरे शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में ग्राम जोशीलमती और खुर्सीटिकुल का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने शत प्रतिशत फोटोयुक्त मतदाता पर्ची बांटने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव 2 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण कार्य के संबंध में छुरिया विकासखंड के ग्रामों में आकस्मिक निरीक्षण किया। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में 7 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्चियों का वितरण किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदाताओं को बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची को वितरण कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने छुरिया विकासखंड के ग्राम जोशीलमती और खुर्सीटिकुल पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्राम जोशीलमती निवासी श्री डोमन कुमार साहू के घर पहुंचकर फोटोयुक्त मतदाता पर्ची वितरण के संबंध में जानकारी ली।

ग्राम जोशीलमती की बीएलओ श्रीमती हेमलता साहू ने बताया कि गांव में कुल 1278 मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण शत प्रतिशत किया गया है। बीएलओ श्रीमती हेमलता साहू ने दो व्यक्तियों की मृत्यु और एक व्यक्ति अन्य जगह रहने की जानकारी दी। उन्होंने फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण के लिए संधारित पावती पंजी का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने छुरिया विकासखंड के ग्राम खुर्सीटिकुल के श्री पारस भण्डारी के यहां फोटोयुक्त मतदाता पर्ची प्राप्ति के संबंध में जानकारी ली। श्री पारस भण्डारी ने बताया कि हमारे घर के सभी मतदाता सदस्यों का मतदाता पर्ची प्राप्त हो गया है। ग्राम खुर्सीटिकुल की बूथ लेवल अधिकारी श्रीमती कौशल्या तारम ने बताया कि गांव में 880 मतदाता है, जिसमें से 860 मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने समय-सीमा में शत प्रतिशत फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पर्ची प्राप्त हो जाना चाहिए। जिससे वे मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर सकें। इस मौके पर तहसीलदार छुरिया श्री विजय कोठारी उपस्थित थे।

अंवरी में धान खरीदी का शुभारंभ

अंवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अंवरी में शासन के आदेशानुसार 1 नवंबर को धान खरीदी का शुभारम्भ किया गया7 जिसके मुख्यअतिथि सेवक राम तारक, अध्यक्षता मूलचंद चंदेल, विशिष्ट अतिथि पुनेश्वर साहू सरपंच ग्राम पंचायत अंवरी, परस निर्मलकर, कुलंजन सिंह ठाकुर ,चिन्ता राम मरकाम ,होमेन्द्र साहू,लेख राम साहू, रंजीत जांगड़े, कैलाश यादव, होरी लाल चंदेल, बाला राम, दिलीप साहू, दुलरवा राम, आनंद यदु, ने तराजू बट एवं माँ अंगारमोती के पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारम्भ किया गया 7 मुख्य अतिथि सेवकराम तारक ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने 1 नवंबर से धान खरीदी चालू कर किसानों को धान बेचने की,सुविधा प्रदान की जिससे किसानों में खुशी की लहर है7 विशिष्ट अतिथि होमेंद्र साहू ने कहा की बघेल जी ने किसानों के धान को 2500 रूपये में खरीद कर किसानों की मदद कर रहे हैं एवं किसानों को उनके धान का वाजिब दाम दिला रहें है 7 यहां 1 नवंबर को 30 किसानों का 499.20 क्विंटल धान खरीदी किया।

संपादकीय

मैसेज तो अलर्ट रहने का था

कहावत है कि कुछ भी बोलो तो सोच कर बोलो, कुछ भी करो तो सोच समझ करो ताकि जल्दी जल्दी में गलती न हो जाए,ऐसा गलती न हो जाए कि उस पर अफसोस हो कि हमने जल्दी में ऐसा क्यों कहा, हमने जल्दी में ऐसा क्यों कह दिया या कर दिया। हमारे देश को विपक्ष को पीएम मोदी या मोदी सरकार पर आरोप लगाने का मौका मिलना चाहिए, आरोप लगाने में कोई देरी नहीं करते है। जितनी जल्दी हो सके आरोप लगा देता है। ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ है, विदेश मीडिया या विदेशी संस्थान कुछ भी सरकार के खिलाफ सीधे तौर पर या संकेत में आरोप लगाता है तो विपक्ष उस पर सौ प्रतिशत यगीन कर लेता है कि विदेशी मीडिया ही सच कह रहा है, सरकार कितनी भी सफाई दे वह सरकार की सफाई पर कोई यकीन नहीं करता है, वह सरकार पर रोज सवाल उठाता है, संसद सत्र चल रहा हो तो संसद सत्र चलने नहीं देता है। विदेशी मीडिया व विदेशी संस्थान मोदी सरकार की छबि धूमिल करने के लिए महज आरोप लगाते रहे हैं, विदेशी मीडिया में अब तक जो कुछ कहा है उसका कोई सबूत वह दे नहीं सका है। चाहे हिंडनबर्ग रिपोर्ट हो या पेगाससस की रिपोर्ट हो, हमारे यहां का विपक्ष तुरंत से लपक लेता है और देश में लोकतंत्र,संविधान सब खतरे में आ जाता है। हमार यहां का विपक्ष कभी नहीं सोचता है कि विदेशी मीडिया ने जो कुछ कहा है, वह झूठ हो सकता है , वह प्रायोजित हो सकता है, वह किसी देश की साजिस हो सकती है। ऐसा कई बार हो चुका है और विदेशी मीडिया झूठा साबित हुआ है तथा उस पर यकीन करने के कारण विपक्ष की साख भी सवालों के घेरे में आई है। जनता विपक्ष के आरोपों पर अब भरोसा ही नहीं करती है क्योंकि भारत का विपक्ष बिना सबूत के ही आरोप लगाता रहा है, उसका एक भी आरोप सच साबित नहीं हुआ है। एप्पल के मामले में भी विपक्ष ने वैसी ही जल्दबाजी दिखाई जो वह हमेशा दिखाता रहा है। एप्पल ने हमारे देश के कई लोगों को अलर्ट का मैसेज भेजा कि हो सकता है कि राज्य प्रयोजित हैकर्स आपके फोन को हैक कर सकते हैं. हैक किया जा रहा है, एप्पल को हैक की सूचना देने के साथ ही बताना चाहिए कि किस देश में ऐसा किया जा रहा है, लेकिन एप्पल ने अपने अलर्ट मैसेज में स्टेट प्रायोजित हैकर्स तो कहा है लेकिन देश का नाम नहीं बताया है। स्टेट का मतलब को कोई भी देश होता है, उसका मतलब यह तो कतई नहीं होता है कि भारत सरकार ही ऐसा करा रही है। राहुल गांधी की तो आदत है कि वह जल्दी में रहते हैं, कई बार उनको पता नहीं रहता है कि वह जल्दी जल्दी में कैसी गलती कर जाते है। एप्पल के मामले में राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं ने जल्दी में सीधे मोदी सरकार पर आरोप लगा दिया कि सरकार विपक्षी नेताओं की जासूरू करा रही है। हकीकत में एप्पल ने तो भारत का नाम ही नहीं लिया है। यह तो विपक्ष की गलती है कि उसने स्टेट प्रायोजित का एक ही मतलब निकाला कि मोदी सरकार। विपक्ष की कमजोरी है या खामी है कि वह मोदी सरकार के अलावा कुछ सोचता नहीं है,बोलता नहीं है। इतना ज्यादा बोलता है कि अब जनता को विपक्ष की बात पर भरोसा नहीं होता है कि विपक्ष सच कह रहा है। एप्पल के पहले विपक्ष पेगासस मामले में सरकार पर जासूसी का आरोप लगाया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और वहां हुआ क्या? विपक्ष ही झूठा साबित हुआ। सरकार द्वारा जासूसी की बात का कोई सबूत नहीं मिला। तब 29 फोन की जांच की गई थी किसी फोन में पेगासस नहीं मिला था। इससे पहले राफेल आदि के मामले में राहुल गांधी सहित विपक्ष झूठा साबित हुआ था। विपक्ष सोच ही नहीं पाता है कि भारत के दुश्मन देश झूठ आरोप लगाकर उसका दुरुपयोग कर रहे हैं, वह अपना दुरुपयोग होने देता है,इससे विदेशी मीडिया को कोई फायदा हो या न हो देश के विपक्ष को नुकसान जरूर होता है, वह निरंतर अविश्वसनीय होता जाता है।

खूनी सड़कों पर हादसों की डरावनी रिपोर्ट

गंभीर समस्या

ललित गर्ग

नया भारत निर्मित करने, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश के लिए सरकार सभी प्रकार के गति-अवरोधक हटा रही है। कोई चाहिए जो नियमों की सख्ती से पालना करवा के निर्दोषों को मौत के मुंह से बचा सके।

सड़क हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की की डरावनी, चिन्ताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिन्ता का बड़ा सबब है। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवाई क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था।

यह विडम्बनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है।

दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिए जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है।

सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2009 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं की दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होते हैं। वैसे एक प्रमुख वजह शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। विडंबना यह है कि जहां हमें पश्चिमी देशों से कुछ सीखना चाहिए वहां हम आंखें मूंद लेते हैं और पश्चिम की जिन चीजों की हमें जरूरत नहीं है उन्हें सिर्फ इसलिए अपना रहे हैं कि हम भी आधुनिक कहला सकें। एक आकलन के मुताबिक आपराधिक घटनाओं की तुलना में पांच गुना अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। कहीं बदहाल सड़कों के कारण तो कहीं अधिक सुविधापूर्ण अत्याधुनिक चिकनी सड़कों पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण ये हादसे होते हैं। दुनिया भर में सड़क हादसों में बारह लाख लोगों की प्रतिवर्ष मौत हो जाती है, जिनमें भारत में सर्वाधिक मौते होती है। ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अंशों में महानगरों को छोड़कर कहीं पर भी पर्याप्त व प्रभावी नहीं है। पुलिस ÷व्यक्ति÷ की सुरक्षा में तैनात रहती है ÷जनता÷ की सुरक्षा में नहीं। हजारों वाहन प्रतिमास सड़कों पर नए आ रहे हैं, भीड़ बढ़ रही है, रोज किसी न किसी को निगलनेवाली ÷रेड लाइनें÷ बढ़ रही हैं। दुर्घटना में मरने वालों की तो गिनती हो जाती है पर वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएँ से प्रतिदिन मौत की ओर बढ़ने वालों की गिनती असंख्य है। वाहनों में सुधार हो रहा है पर सड़कों और चालकों में कोई सुधार नहीं। सन् 2023 तक वाहनों का उत्पादन और मांग जिस अनुपात में बढ़ेगी, सड़कें उस अनुपात में नहीं। अतः यातायात-अनुशासन बहुत जरूरी है।

नया भारत निर्मित करने, औद्योगिक विकास और पूंजी निवेश के लिए सरकार सभी प्रकार के गति-अवरोधक हटा रही है। लगता है सड़कों पर भी गति अवरोध हटा रही है। कोई चाहिए जो नियमों की सख्ती से पालना करवा के निर्दोषों को मौत के मुंह से बचा सके। 1988 में बने मोटर वाहन अधिनियम का व्यावहारिकता से परे होना भी दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। पिछले तीन दशकों में सड़क परिवहन में आए बदलाव के अनुरूप मोटर अधिनियम में व्यापक बदलाव की दरकार है। अगर सरकार नए वाहनों को लाइसेंस देना बंद नहीं कर सकती तो कम से कम राजमार्गों पर हर चालीस-पचास किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर तो खोल ही सकती है ताकि इन हादसों के शिकार लोगों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सके। तेजी से बढ़ता हादसों एवं लापरवाही का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए।

आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन खुशियां लेकर आने वाला है। आज आपको अपनी समस्त समस्याओं का समाधान माता-पिता के सहयोग से मिल जायेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे। आज जीवनसाथी आपके लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनाएंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को जॉब के नए अवसर मिलेंगे। किसानों के लिए आज का दिन काफ़ी अच्छा रहने वाला है, फसल की पैदावार अच्छी होगी। राजनीति से जुड़े लोग आज कोई सभा आयोजित करेंगे, लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपकी मुलाकात कुछ प्रभावशाली लोगों से होगी, जिनसे आपको कुछ नयी बातें सीखने को मिलेगी। इस राशि के जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें अपने काम में सफलता मिलेगी। आपको किसी समस्या को सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल जायेगा, सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आज आप अपने सभी कामों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। बिजनेसमैन को अच्छा-खासा फायदा होगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन आपके लिए नया बदलाव लाने वाला है। आपको अचानक किसी काम से मुनाफा होगा, भौतिक सुख सुविधाएं बढ़ेगी। इस राशि के जिन लोगों का स्टेशनरी का बिजनेस है, उनको रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। खेलकूद से जुड़े लोगों को खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियाँ बरकरार रहेगी। आज आपके घर पर कोई रिलेटिव आ सकते है। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का मन बनाएंगे।

कर्क राशि : आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक रहने वाली है। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपका कोई जरूरी कार्य कागज पूरा न होने से कुछ देर के लिए रुक सकता है, लेकिन किसी अधिकारी के सहयोग से पूरा भी हो जायेगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपको अपने अधिकारों की प्राप्ति होगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। घर परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएंगे, लोगों में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपने बड़ों की बात आज ध्यानपूर्वक सुनें, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगी। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, आज मन माफिक लाभ होगा। छात्र आज किसी प्रोजेक्ट को पूरी रूचि से पूरा करेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज नई उपलब्धियां मिलेगी, दिन व्यस्तता से भरा होगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा के योग बन रहे हैं, आपकी यात्रा लाभदायक रहेगी। आपके आस-पास पॉजिटिव बदलाव आपकी जिंदगी को बेहतर बनायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, लोगों में आपकी अछ्छी छवि बनेगी। लवमेट से आज उपहार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ घर के किसी काम को पूरा करने का प्लान बनाएंगे। पैतृक सम्पति से आज आपको लाभ मिलेगा। आज आपके रुके हुये सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। महिलायें आप अपने परिवार को कोई नई डिश बनाकर खिला सकती हैं, जिससे आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी । मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में प्रभावित हो सकती है। आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय पर चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। काम में नई तकनीकों को अपनाने से काम जल्दी पूरा होगा।

धनु राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज रोजगार के कई अवसर मिलेंगे। नृत्य सीख रहे लोगों के लिए दिन बेहतरीन है, आपको कोरियोग्राफर से नया सीखने को मिलेगा। छात्र आज अपनी पढाई में व्यस्त रहेंगे, किसी टॉपिक को समझने में सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज आप परिवारजनों के साथ समय बितायेंगे। आपके सराहनीय कामों को देखकर लोग आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। कई दिनों से रुके कार्यों को पूरा करने में आज आप सफल होंगे। लवमेट के लिये दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि : आज के दिन आपके अन्दर आत्मविश्वास बना रहेगा। परिवार के साथ अगर किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो जल्द पूरा होगा। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेंगी। नए कामों को करने के लिए आपका भाग्य पूरा साथ देगा। प्रॉपर्टी लेने से पहले जांच पड़ताल जरुर कर लें। विद्यार्थी आज किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे। लवमेट के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जायेगी।

कुंभ राशि : आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। जो लोग फ्रेशर हैं, उनको किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब लगेगी। आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आज आपको निजात मिलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे । लवमेट आज कहीं घूमने जायेंगे, साथ में लंच का प्लान बनाएंगे। छात्रों के लिये आज का दिन सफलता दिलाने वाला है। अविवाहित जातकों के विवाह के लिये अच्छा रिश्ता आएगा।

मीन राशि : आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपका विरोध करने वाले लोग भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। आज सगे सम्बन्धियों से आपको आर्थिक मदद मिलती रहेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में सफलता मिलेगी। इस राशि के लोग जो डेकोरेशन का काम कर रहे हैं, उनको मेहनत के उपरांत ही सफलता के योग हैं। आज काम को पूरा करने के लिए आप किसी सहकर्मी की हेल्प लेंगे। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

व्यंग्य

बस पुराण

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

इसरो के वैज्ञानिक और हमारे गाँव के बस यात्री में कोई अंतर नहीं है। एक रॉकेट की उल्टी गिनती को लेकर तो दूजा बस में सीट को लेकर बेचैन रहता है। गाँव में बड़ी मुश्किल से एक बस आती है। इसलिए सीट को लेकर बहुत मारा-मारी होती है। बस आते देखकर हम लोगों की आँखों में एक नया तेज आ जाता है। खून उफान मारने लगता है। कतार में चढ़कर हम पढ़े-लिखे बेवकूफ नहीं कहलाना चाहते थे। इसलिए जैसे ही बस रुकी सभी ने धावा बोल दिया। दरवाजे से बूढ़े-औरतें चढ़ते हैं। असली मर्दानगी तो खिड़की से चढ़ने की है। किसी ने खिड़की पर हाथ रखा तो किसी ने पैर और किसी ने अपना सिर धर दिया। मानो ऐसा लगता किसी भूतिया फिल्म की शूटिंग चल रही हो। सारे के सारे जॉम्बी यहीं से एंट्री लेना चाहते हों।

दरवाज़ें से चढ़ने वाले यात्री अपने भाग्य को उस समय कोसने लगते हैं जब वह सीट की ओर देखता है। सीट पर तो पहले से किसी ने अपना रुमाल, तौलिया, छतरी, गठरी, चप्पल, जूता रख दिया है। सीट छेपने के इस उपाय का पेटेंट न करवाया जाय तो बहुत जल्द नासा वाले इसका पेटेंट करवा लेंगे। पता चला कि वे अंतरिक्ष में जाकर कॉपी कैट की तरह तौलिया, चप्पल, जूते धरकर ग्रहों और तारों पर मालिकाना हक जताने लगे। अजीब स्थिति तो तब तब होती है जब एक बंदा अपनी बाहें और टांगे फैलाकर चार सीटें छेप लेता है। वैसे वे बैठने वाले दो ही बंदे हैं लेकिन चार सीटों को छेपने के पीछे का फंडा विच वन इज बेस्ट वन वाला होता है। जो सीटें अच्छी लगीं उस धर लेते हैं और बाकी छोड़ देते हैं। खिड़की वाली सीट का अपना ही मज़ा है। खिड़की मिल जाए तो कहने ही क्या। किंतु खिड़की मिलने का यह मज़ा तब फुर हो जाता है जब कोई मुँह में गुटखे का गुबार बनाए मुँह उठाकर आ जाता है। देखा जाए तो आधार कार्ड में स्त्री, पुरुष, अन्य के साथ-साथ इन लोगों के लिए भी एक कॉलम होना चाहिए। वे बस में चढ़ते ही चूहे की तरह बिल यानी अपने लिए खिड़की वाली सीट ढूँढ़ना शुरु कर देते हैं। उस समय उनके मुँह से केवल एक ही भाषा निकलती है - 'ऊ...ऊ...ऊ...'। उनकी यह भाषा संविधान से मान्य नहीं है लेकिन उससे ताकतवर है। समझकर खिड़की वाली सीट दे दी तो ठीक नहीं तो आपकी कमीज़ पर मधुबनी रंगोली बनने में देर नहीं लगेगी। मज़ा तो तब आता है जब लगता है कि यह सीट हमारी हो गई तभी कोई बुढ़िया एंट्री मारकर खेल बिगाड़ देती है। वह आकर भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, रीति-रिवाजों के नाम पर हमारी सीट छीन लेती है। ऐसे समय में यूपीएससी अस्पिरेंट को इसी विषय पर प्रश्न पूछ लिया जाए तो वह पक्का लिखेगा - 'भाड़ में जाए ऐसे मूल्य। सीट से बढ़कर कोई संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और रीति-रिवाज नहीं है।' देखा जाए तो बस किसी मठ, मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर से कम नहीं है। सीट मिल जाए तो बैठने वाला गीता-कुरान का सार सुनाने लगता है। कहने लगेगा - सीट के लिए क्यों लड़ते हो। दो मिनट का ही सफर है। देखते-देखते कट जाएगा। इसके लिए इतनी मारा-मारी क्यों।

आज जो यह सीट हमारी है कल वह किसी और की थी और कल किसी और की होगी। इसके लिए मुँह फुलाने की क्या आवश्यकता है। हम इस दुनिया में खाली हाथ आए थे। खाली हाथ रहेंगे और खाली हाथ ही जायेंगे। इसके लिए खुद को इतना तनाव देना फिजूल है। वहीं बस में खड़े यात्री अपनी ईर्ष्या भरी दृष्टि से बैठने वालों को देखकर कूढ़ते रहेंगे। उनके लिए सारे प्रवचन बेकार लगते हैं। उस समय उनके मुँह से गाली-गलौज की धाराप्रवाह बहती रहती है। बस तो एक है लेकिन सबका दृष्टिकोण अलग-अलग है।

(वैश्विक परिदृश्य)

संजीव ठाकुर

भारत के शांतिदूत बनने की माकूल परिस्थितियां



भारत हमेशा से शांति सद्भावना और सौहाद्र का सर्वकालिक समर्थक रहा है।रूस यूक्रेन युद्ध में भारत की तरफ से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं की युद्ध विराम हो जाए और इसके लिए भारत में अथक प्रयास भी किए हैं ,यह अलग बात है कि विस्तारवादी दृष्टिकोण को लेकर पुतिन और जेलेन्सकी अजीब सी राजनीतिक और कूटनीतिक परिस्थितियों में एक दूसरे के सामने खड़े तथा अड़े है । अब इजराइल हमास युद्ध में भारत की नीति स्पष्ट रूप से आतंकवादी गतिविधियों और उग्रवाद के विरोध में रही है। भारत ने आतंकवादी संगठन हमास, हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद का खुलकर विरोध किया है पर दूसरी तरफ इजरायल की बमबारी से घायल हुए पिलिस्तिनी नागरिकों के लिए 38 टन खाद्य सामग्री दवाएं और आवश्यक वस्तुएं तत्काल मुहैया कराई है। भारत के संबंध अरब देशों के साथ-साथ यूरोप,अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस और नाटो देशों से भी मधुर हैं इन परिस्थितियों में अरब देश भारत के प्रति युद्ध विराम की संभावनाओं की तलाश में भारतीय पहल का इंतजार कर रहा है। अब भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में जॉर्डन के शांति प्रस्ताव में वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया ,120 देशों के मतों से प्रस्ताव पारित हो गया, 45 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। चूंकि जॉर्डन हमास को उग्रवादी संगठन नहीं मानता और भारत हमास को कट्टर उग्रवादी मानने की नीति पर चल रहा है। अब भारत को आगे बढ़कर पूरे विश्व का नेतृत्व करने का समय आ गया है। भारतवर्ष अर्वाचीन काल से अहिंसा का पुजारी रहा है।पुरातन काल से ही राजा, महाराजा और सम्राटों ने अपने राज्य कार्य में हिंसा को कभी प्रथम पंक्ति में महत्त्व नहीं दिया था ।तथा विस्तार वाली नीतियों में भी सेना प्रयास करती रही की आक्रमण के दौरान कम से कम सैनिक हताहत हो। फल स्वरूप राजा, महाराजा तथा सम्राटो ने सदैव अहिंसा के पुजारी बनकर ही राजकाज किया था। पहले से आक्रमण न करने की नीति तथा अहिंसा वादी नीति के कारण भारत पहले मुगलों का तथा बाद में अंग्रेजों का गुलाम हो गया था। इसके उपरांत बहुत संघर्ष तथा मेहनत के बाद 194। में भारत को आजादी मिली। और इसके उपरांत भारत लगातार ÷अहिंसा परमो धर्म÷ की नीति पर अपने कदम बढ़ाता रहा है। कुछेक उदाहरण को छोड़ दिया जाए जैसे पाकिस्तान द्वारा लगातार भारत पर आक्रमण करने से भारत ने मुंह तोड़ जवाब भी दिया। और इसी के परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का जन्म भी हुआ। पर इस घटना में भी भारत की वैश्विक स्तर पर शांतिदूत की भूमिका ही रही। भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि एक शांति के संप्रभुता वाले गणतांत्रिक लोकतंत्र की रही। भारत ने ऐतिहासिक तौर पर कभी किसी राष्ट्र पर अपनी तरफ से आक्रमण हमला नहीं किया। और यही कारण है की संयुक्त राष्ट्र संघ के ।5 वर्ष के निर्माण काल के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ हमेशा शांति प्रयासों में भारत की सहायता लेता रहा है और भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ वैश्विक स्तर पर शांति प्रयासों में योगदान की महत्वपूर्ण रहा है। भारत की स्वतंत्रता के बाद मोदी सरकार ने भी वसुधैव कुटुंबकम की नीति का परिचालन कर विश्व को संदेश दे दिया है की भारत गांधी का देश है बुध और विवेकानंद का देश है। वह अपने साथ विश्व में भी शांति और सौहार्द्र बनाए रखना चाहता है। और इसी कार्यक्रम में 26 सितंबर 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना दिवस की ।5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आभासी आयोजन में हिंदी में संभाषण किया यह उनकी संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा को संबोधित करने का हिंदी में तीसरा अवसर था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए जा रहे शांति प्रयासों में अपनी भूमिका का स्मरण दिलाया। उन्होंने कहा की भारत विभिन्न समय में संयुक्त राष्ट्र संघ से कंधे से कंधा मिलाकर शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देता आया है. इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद के लोकतांत्रिक होने के प्रयासों में अपना दावा भी पेश किया था। यह उल्लेखनीय है की भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी शांति प्रयास की योजनाओं तथा अभियान में अपनी सशक्त जिम्मेदारी निभाते हुए अपना सहयोग तथा शांति सेना हेतु अपनी सेनाओं को भेजकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपनी धर्म तथा संविधान तथा घोषणा पत्र में शांति प्रयासों के लिए सेना को भेजने का कहीं उल्लेख नहीं है किंतु विश्व के कई युद्ध रत तथा मुसीबत में पड़े राष्ट्रों को जहां गृह युद्ध जैसी स्थिति बनी है। वहां भारतीय गणतंत्र ने अपनी सेनाएं भेज कर हजारों लाखों मानव की रक्षा कर, मानव जाति की सेवा की है. ।और अवांछित युद्ध जैसी स्थिति पर अपनी सेनाओं द्वारा नियंत्रण स्थापित किया है। इस बात को संयुक्त राष्ट्र संघ अलग-अलग महासभा में स्वीकार भी करता है। अब तक भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आहूत शांति प्रयासों तथा शांति निर्वहन संक्रियाओं का समर्थन कर रचनात्मक सहयोग हर संभव किया हैझ्र भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के आव्हान पर कोरिया, वियतनाम,लागोस,मिस्त्र, सीरिया , लाइबेरिया, युगोस्लाविया, नामीबिया, सोमालिया, सूडान सहित अनगिनत देशों में अपनी सेनाएं वहां पर शांति बहाली हेतु अलग-अलग समय में उपलब्ध करवाई थी।

भारत द्वारा विश्व शांति की स्थापना की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति अभियानों में अनथक एवं बहुत बड़ा सहयोग किया है। उन्होंने कई देशों के मध्य पर्यवेक्षक की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभाई है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत को शांति निरीक्षण आयोगों, समितियों तथा अंतरिम विश्वास बहाली कार्यक्रमों में बतौर सदस्य नामित भी किया है। इस भूमिका को भी भारत ने बहुत सफलतापूर्वक निर्वहन किया है, वैसे भी भारत की विदेश नीति सदैव वैश्विक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रबल पक्षधर रही है। इसीलिए भारत सरकार ने न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है बल्कि विश्व के अनेक तनावग्रस्त संकटग्रस्त एवं युद्ध देशों के मध्य अपनी कूटनीतिक राजनैतिक भूमिका भी कर्मठता से निभाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ बहुत महत्वपूर्ण होकर जटिल भी होते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की हर भूमिका को बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने का कार्य बखूबी निभाया है। और भारत राष्ट्र जिस तरीके से आत्मनिर्भर होकर विदेश की सरकारों से अपने संबंध स्तापित किए हैं, उससे यह दिन दूर नहीं जब भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य बनाकर, वैश्विक शांति के लिए शांतिदूत का दर्जा दिया जाएगा।

एक नजर

एनएमडीसी ने अक्टूबर में सर्वोत्तम तथा अक्टूबर तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

हैदराबाद, 2 नवंबर । भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने अक्टूबर 2023 में3.92 मिलियन टन का उत्पादन और 3.44 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री के साथ कंपनी के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। खनन प्रमुख ने पिछले वर्ष की तुलना में अक्टूबर, 2023 के उत्पादन औरबिक्री दोनों में 11त्न की वृद्धि दर्ज की।एनएमडीसी का संचयी उत्पादन अक्टूबर 39;23 तक 23.48 मिलियन टन था जो अक्टूबर ×स39;22 तक के उत्पादन(19.71 मिलियन टन) से 19 प्रतिशत अधिक है। अक्टूबर तक संचयी बिक्री में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 19.44मिलियन टन से बढ़कर 23.99 मिलियन टन हो गई।इस शानदार प्रदर्शन पर अपनी टीम को बधाई देते हुए सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी नेकहा कि 50 मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्त करने के संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं, ये आंकड़ेहमारे लक्ष्य प्राप्त करने की बहुत करीब हैं। प्रत्येक माह रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हमारी टीम एनएमडीसी की दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। डिजिटलीकरण में हमारा विश्वास, प्रौद्योगिकी में निवेश और जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्धता, भारत में खनन के मजबूत भविष्य के निर्माण में योगदान करेगा।

पुलिस कर्मचारी 3 नवम्बर को करेंगे डाक मतपत्र से मतदान

कांकेर, 2 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिले के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से 03 नवम्बर 2023 को मतदान करेंगे। सहायक नोडल अधिकारी डाक मतपत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और सैनिकों द्वारा डाक मतपत्र से मतदान के लिए सेजेस नरहरदेव हायर सेकेण्डरी स्कूल में डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

मशाल रैली निकाल कर 17 नवम्बर को मतदान के लिए की गई अपील

रायगढ़, 2 नवम्बर। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत बोईरदादर स्टेडियम से जिला प्रशासन एवं एनएसएस के विद्यार्थियो ने मशाल रैली निकाली। जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्दर यादव ने कहा कि मशाल रैली निकालने का उद्देश्य मतदाताओं को जागरुक करना एवं आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित करना हैं। एनएसएस के विद्यार्थियों ने मशाल रैली के माध्यम से जनसामान्य को शत-प्रतिशत वोटिंग हेतु अपील की। रैली में चला रायगढ़िया, वोट देवईयां का नारा गूंजा। आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना एवं लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करना था। इसके साथ ही शहर के विभिन्न वार्डो में जहां वोटिंग प्रतिशत कम है वहां विभिन्न आयोजनों के साथ ही विद्यार्थियों द्वारा परिजनों को पत्र लिखकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर रायगढ़ जनपद सीईओ श्री राजेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, जिला मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल, मास्टर ट्रेनर श्री विकास रंजन सिन्हा, श्री भुवनेश्वर पटेल आदि उपस्थित रहे।

भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप को मिल रहा है आम जनता का समर्थन

कन्हारगांव में 50 युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर, 2 नवंबर। पहले चरण के मतदान को लेकर अब कुछ ही समय बचा है इस बीच राजनैतिक पार्टी के प्रत्याशी जीत के लिए गांव गांव जाकर अपना प्रचार कर रहे है । इस बीच भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप छोटेडोंगर , धोड़ाई, कन्हारगांव , सुलेंगा धौड़ाई में जाकर अपने पक्ष में वोट मांग रहे है । भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर कन्हार गांव में 50 यूवाओ ने भाजपा का दामन थामा और भाजपा को जीत दिला ने की बात कही । भाजपा प्रत्याशी केदार कश्यप ने इस दौरान कहा कि पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने कोई काम नही किया जिससे आम जनता में कांग्रेस को लेकर भारी विरोध है आम जनता इस बार विकास के लिए भाजपा को वोट देकर विजय बनाएगी ।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक:विजय दयाराम के.

जगदलपुर, 2 नवम्बर । स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता महारैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है शत-प्रतिशत मतदान, इस कार्य हेतु सभी मतदाताओं की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जोर दिया,ताकि इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। महारैली अलग-अलग चैक से प्रारंभ हुआ जिसमें अग्रसेन चैक से कलेक्टर श्री विजय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र मीणा, शहीद पार्क चैक से संचालक कांगेर वैली श्री धम्मशील गणवीर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, कोतवाली चैक से जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल स्वीप कार्यक्रम श्री प्रकाश सर्वे, लाल चर्च चैक से अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल और सिरहासार चैक से नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी के नेतृत्व में रैली निकाला गया। इस महारैली में अनुभवी मतदाता (वृद्धजन), महिला मतदाता, तृतीय लिंग, दिव्यांगजन, खिलाड़ी,विभिन्न स्कूल-कालेज के छात्र-छात्रों के साथ हजारों की संख्या में आम नागरिकगण शामिल हुए। रैली विभिन्न चौकों से प्रारंभ होकर सभी चाँदनी चौक में पहुंचे जहां पर मतदान के लिए शपथ और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महारैली का समापन किया गया। रैली में पद्मश्री श्री धर्मपाल सैनी तीनों विधानसभा के प्रेक्षक श्री सुब्रत गुप्ता, श्री आरएच ठाकरे, श्री सुदेश कुमार मोखटा, पुलिस प्रेक्षक श्री क्लये खोंगसई भी शामिल हुए चांदनी चौक में आयोजित कार्यक्रम में क्राईस्ट कालेज, बादल अकादमी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मतदान करने के प्रस्तुति दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 7 नवम्बर को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलवाई और उपस्थित अतिथियों द्वारा मतदान जागरूकता हेतु गुब्बारे छोड़े गए। इस वृहद आयोजन में उत्साह के साथ आमजन शामिल हुए।

मतदान दलों के 354 वाहनों में जीपीएस सिस्टम, कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

कांकेर 2 नवम्बर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि सेक्टर अधिकारी और मतदान दलों को उनके मतदान केन्द्रों तक ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे उनकी लोकेशन की नियंत्रण कक्ष से सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के कांकेर विधानसभा क्षेत्र के 94, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के 100 और अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 160 वाहनों सहित कुल 354 वाहनों में जीपीएस लगाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने एफएसटी एवं एसएसटी की टीमों को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतागढ़ विधानसभा में 221, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 266 एवं कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 240 सहित कुल 727 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को इन पोलिंग बूथों का जायजा लेने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य संपन्न हो चुका है।

वादा है फिर निभाएंगे

पहले की तरह किसानों का होगा कर्ज माफ:ताम्रध्वज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग,2 नवंबर। दुर्गग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू आज ग्राम मोहलई छातागढ़ बाबा मंदिर में पुजा अर्चना कर चुनावी प्रचार की शुरूवात की गई। इसके बाद ग्राम रसमडा, सिलोदा,खपरी, अंजोरा ख, थनौद, बिरेझर बस्ती बिरेझर भाठा में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू आशीर्वाद लेने पहुंचे जहां लोगों ने फूल माला आरती कर स्वागत किया।

साथ ही आम जनता को संबोधित करते हुऐ ताम्रध्व्ज साहू ने छातागढ़ बाबा को प्रणाम करते हुऐ कहा की निश्चित ही मैं भी अपने विधानसभा में सभी को पारिवारिक सदस्य मानते हुए में क्षेत्र की सेवा की और सभी के सुख-दुख में मैं लगातार सम्मिलित हुआ जिसका आज प्रतिफल है कि आज स्वयं लोग अपना जन समर्थन पारिवारिक सदस्य की तरह अपना बेटे की तरह आशीर्वाद मिल रहा है। आप सभी पिछले 5 साल में आप सभी का सेवा करने का अवसर मिला जिसमें आपके ग्राम में करोड़ों की राशि से विभिन्न विकास कार्य हुआ है। साथ कांग्रेस सरकार इस बार घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा जिसमें

चत्त से क्क्ष तक निःशुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी गैस सिलेंडरों पर ?500 प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे+ 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त 17.5 लाख गरीब परिवारों को मिलेगा खुद का आवास,गरीब परिवारों को ?10 लाख तक,क्क्ष परिवारों को 5 लाख तक इलाज की सहायता,भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ?7,000 की जगह अब ?10,000 सालाना

महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए ऋ्ण होंगे माफ राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन,700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्को (रीपा) की करेंगे स्थापना,सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा निःशुल्क इलाज परिवहन व्यवसायियों के ?726 करोड़ का बकाया कर्ज होगा माफ जातिगत जनगणना करवाई जाएगीइस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल बोर्ड केशव बंटी हरमुख, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्रकार, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख,भीषम हिरवानी, मोहन हरमुख,जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्रकार ज़िला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़,अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ट रिवेन्द्र यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर,प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन,जनपद सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, जनपद सदस्य हरेंद्र देव , महेंद्र सिन्हा,हेमंत देशमुख,रविन्द्र सिन्हा, भरत निषाद, तुलसी देशमुख, यशवंत,धर्मेंद्र बंजारे,रिझन ठाकुर,दिग्गविजय सिन्हा, लज कुमार, ढलेश ,साहू राजेश साहू,सरपंच गण , कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

भिलाई इस्पात संयंत्र के कई विभागों ने अक्टूबर माह 2023 में रचे कीर्तिमान

भिलाई, 2 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए, अपने निरंतर प्रयासों से उत्पादन में सर्वश्रेष्ठ मासिक और अब तक का सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की है। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में, सर्वश्रेष्ठ डिस्पैच का रिकॉर्ड दर्ज किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने माह के प्रथम दिन 1 नवम्बर 2023 को संयंत्र परिसर में उपलब्धि हासिल करने वाले विभागों आरएमपी-3, कोक ओवन, एसपी-3, यूआरएम, बीआरएम तथा प्लेट मिल में जाकर, कार्मिकों एवं अधिकारियों को बधाई दी और संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने बेहतर परिणाम दिए हैं और मैं उम्मीद करता हूं कि इस उपलब्धि के क्रम को आप सभी आगे भी बनाए रखेंगे। सिंटर प्लांट ने कुल सिंटर का उत्पादन अक्टूबर 2023 में 7,64,829 टन दर्ज किया गया है, जोकि मार्च 2023 में 7,59,729 टन दर्ज किया गया था। बार एवं रॉड मिल − संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन करते हुए 1 लाख टन उत्पादन की सीमा को पार किया है, जो उसकी मापित उत्पादन क्षमता से 135 प्रतिशत रहा है। मिल ने अक्टूबर 2023 में 1,01,111 टन का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जबकि मार्च 2023 में यह रिकॉर्ड 91,119 टन दर्ज किया गया था। संयंत्र के मर्चेंट मिल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक निर्गमन दर्ज किया है। मर्चेंट मिल की टीम ने जून 2023 में 65,327 टन के निर्गमन को पार करते हुए अक्टूबर 2023 में 66,689 टन का निर्गमन किया है। टीएमटी (बार एवं वायर रॉड) का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन अक्टूबर 2023 में 1,63,621 टन का रहा, जबकि मार्च 2023 में यह रिकॉर्ड 1,53,587 टन दर्ज किया गया था। हॉट मेटल का अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 5,00,242 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अक्टूबर माह 2010 में बनाये गए 4,94,030 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। क्रूड स्टील का अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 4,81,598 टन दर्ज किया गया, जबकि पिछला सर्वश्रेष्ठ 4,62,825 टन दर्ज किया गया था, जो अक्टूबर माह 2009 में बनाया गया था। विक्रेय योग्य इस्पात का अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 4,50,634 टन दर्ज किया गया, जोकि अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अक्टूबर माह 2021 में बनाये गए 4,22,788 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। प्लेट मिल ने कुल फिनिश्ड प्लेट का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज करते हुए, 1.2 लाख टन के रिकॉर्ड को पार किया है। प्लेट मिल ने लगातार चौथे माह में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज कराया है। अक्टूबर 2023 में 1,21,675 टन का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जबकि पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड अक्टूबर 2022 में 1,21,383 टन दर्ज किया गया था। कुल हाई टेंसाइल प्लेटों का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन अक्टूबर 2023 में 31,226 टन का रहा, जबकि पिछला सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड अक्टूबर 2013 में 22,380 टन दर्ज किया गया था। एसएमएस-3 टीम की कड़ी मेहनत और लगन से अक्टूबर 2023 में कास्ट स्टील का उत्पादन 3,00,878 टन दर्ज किया गया, बिलेट्स उत्पादन में भी अक्टूबर 2023 में 1,95,755 टन के रिकॉर्ड के साथ 1,57,235 टन के अक्टूबर 2022 में बनाये अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश भारत का गौरव है : प्रियंका शुक्ला

भिलाई, 2 नवंबर। डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूल में स्पेशल असेंबली किया गया। गायत्री मंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में भाषण की शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा चार और पांच के छात्राओं ने सुआ नृत्य एवं कक्षा 6 की छात्रा चैताली में हमर पारा तुहर पार; प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राइमरी विंग के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति व वेशभूषा से सभी को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भारत का गौरव है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा स्कूल में हुए इंटर हाउस कंपटीशन के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया । वही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी राज गीत अरपा पैरी के धार; गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई । भगवान श्रीराम का ननिहाल कौशल राज्य आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ के नाम से प्रख्यात है। त्रेता युग के हजारों साल बाद और वर्तमान से लगभग 300 साल पहले गोंड जनजाति के शासनकाल के दौरान इस राज्य का नाम छत्तीसगढ़ पड़ा था। यह एक ऐसा राज्य है जो कि हिंदुस्तान के मध्य में घने जंगलों से घिरा हुआ है। छत्तीसगढ़ मंदिरों और झरनों के साथ-साथ अपनी आदिवासी संस्कृति और परंपरा के लिए जाना जाता है। मध्य प्रदेश का हिस्सा रहने वाला छत्तीसगढ़ 1 नवंबर 2000 में अपने मूल नाम छत्तीसगढ़ के नाम से जाना जाने लगा है। छत्तीसगढ़ अपने प्राकृतिक संसाधन के साथ-साथ अपनी संस्कृति और रीति रिवाज के नाम से भी जाना जाता है। यहां की आदिवासी संस्कृति आज भी प्रदेश के लोगों को लिए खास मानी जाती है।1 नवंबर 2000 में हुआ था गठन छत्तीसगढ़ पहले मध्यप्रदेश का हिस्सा था लेकिन साल 2000 में मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ अस्तित्व में आया। हमेशा से धान के कटोरे के नाम से पूरे हिंदुस्तान में जाना जाने वाला छत्तीसगढ़ को पहली बार मराठा साम्राज्य के समय 1795 में आधिकारिक दस्तावेज में इसके नाम का इस्तेमाल किया गया था। साल 2013 की गणना के अनुसार दो करोड़ 55 लाख की जनसंख्या वाला यह राज्य तरक्की की कई ऊंचाइयों को छू चुका है।

मतदाता जागरूकता के लिए इस्पात नगरी में साइकिल रैली निकाली

भिलाई, 2 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत, 01 नवम्बर 2023 को इस्पात नगरी, भिलाई में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक साइकल रैली का आयोजन किया गया था। यह रैली सिविक सेंटर स्थित कलामंदिर से प्रारंभ होकर सेक्टर-9 अस्पताल में समाप्त हुई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास, एसडीएम, दुर्ग जागेश्वर कौशल, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले सहित संयंत्र के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलामंदिर परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष इस रैली को नगर निगम आयुक्त, रोहित व्यास ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

घर से युवक का अपहरण पुलिस ने पीछा कर छुड़ाया

भिलाई । भिलाई तीन थाना क्षेत्र फिल्मी अंदाज में क्राइम-ब्रांच के नाम पर एक युवक को घर के बाहर बुलाया और कुछ युवकों ने कार में अपहरण कर रायपुर ले गए। इधर पुलिस को खबर लगते ही आरोपियों का पीछा करते पुलिस टीम देर रात रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र पहुंची और युवक को आरोपियों के चंगुल से बचा ले आई। इस मामले में एक आरोपी को पकड़ लिया कर लिया है, जबकि 3 फरार बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि अपहर्ता को पकड़ने पुलिस कर्मी भी घायल हुआ है। पूरा मामला पैसे के लेनदेन बताया जा रहा है भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि पदुमनगर भिलाई तीन निवासी तोषी गोस्वामी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पति सागर भारती गोस्वामी बिजनेंस ट्रेडिंग का काम करते है। 31 अक्टूबर की रात सागर अपनी कार से घर पहुचा। इस दौरान वसुंधर नगर भिलाई तीन निवासी हितेश उर्फ बंटी साहू समेत उसके तीन दोस्त कार में सवार होकर आए रात में घर वापस आने पर सागर को क्राइम ब्रांच के नाम पर फोन करके घर से बाहर बुलाया गया। हितेश बंटी और उसके साथियों सागर को उसी की कार में डाल मारपीट करते हुए ले जाने लगे। सागर के चीखने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी घर बाहर आई और जब उसने अपने पति को कुछ लोगों द्वारा कार में जबरन डालकर ले जाते देखा तो सागर को बचाने के लिए कार के पीछे दौड़ी। आरोपी कार को पहले सीधे ले गए ,लेकिन आगे गली का रास्ता बंद देखकर कार वापस मोड़ कर सागर के घर के सामने से निकलने लगे। सागर की पत्नी और आसपास के कुछ लोग कार की ओर दौड़े,लेकिन अपहरणकर्ताओं ने उन्हें कार से कुचलने की कोशिश करते हुए सागर को ले निकल गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सागर की पत्नी ने सागर और बंटी दोनों का नंबर पुलिस को दिया। साइबर से सागर का फोन बंद बताया,लेकिन बंटी की लोकेशन तेलीबांधा तालाब के पास मिली.भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा अपनी टीम के साथ तुरंत रायपुर रवाना हुए। तेलीबांधा क्षेत्र के रिंक रोड में आरोपी सागर को बंधक बनाकर कार में बिठाकर रखे हुए थे। आरोपियों ने पुलिस को आता देख कार छोड़ फरार हो गए। सागर भारती गोस्वामी को सुरक्षित तीन घंटे में बचाकर भिलाई तीन लाया गया। मौके से उसके सभी भागने में कामयाब रहे। जानकारी मिली है कि इस घटना में अपहरणकर्ताओं को पकड़ने के प्रयास में एक पुलिस कर्मी को भी चोटें आई हैं।

जान से मारने की धमकी दी, रिपोर्ट दर्ज

भिलाई। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र स्टेशन मरोदा शिवपारा वार्ड-17 की भाजपा पार्षद गजेंद्री कोठारी और उनके पति को उन्हीं के घर रात ढाई बजे जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी ने घर में लगी झालर लाईट तोड़ दी है पार्षद ने नेवई पुलिस को बताया कि जब भी वो वार्ड में निकलती हैं आरोपी अक्सर अपशब्दों का प्रयोग करता रहा है। लगातार इग्नोर करने से उसके मनसूबे बढ़े और कल देर रात आरोपी उनके घर के सामने पहुंच उत्पात मचाने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता रहा। पुलिस को फोन करने पर आरोपी मौके से भाग निकला है पुलिस ने बताया कि शीतला मंदिर के पास निवासी वार्ड-17 की पार्षद गजेंद्री कोठारी (34 वर्ष) ने थाना में शिकायत की है कि गब्बर उर्फ श्रवण गुप्ता स्टेशन मरोदा निवासी पुरानी रंजिश को लेकर जब भी वो अपने वार्ड में घूमती हैं, गाली गुप्तार करता रहा है। कल रात करीब ढाई बजे आरोपी उनके घर के पास पहुंचा और गाली गलौज करते हुये पार्षद और उनके पति चंदन सिंह कोठारी को जान से मारने की धमकी दी है आरोपी ने घर में लगे लाईट झालर को खींच कर गिरा दिया है उसके खिलाफ धारा 294, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है।

भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू अम्बागढ़ चौकी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मांगा जीत का आशीर्वाद

राजनांदगांव। अंबागढ़ चौकी भारतीय जनता पार्टी खुज्जी विधानसभा भाजपा अधिकृत विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू अंबागढ़ चौकी भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ गोंडवाना भवन अंबागढ़ चौकी से पैदल मार्च करते हुए अंबागढ़ चौकी नगर भ्रमण किया गया। भाजपा अधिकृत विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीता घासी साहू भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार किया।भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश खरोश के साथ नरेंद्र मोदी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जयकारे लगाते हुए गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए चुनाव प्रचार जोर-शोर से किया।भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू का जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया। श्रीमती गीता घासी साहू ने लोगो को हाथ जोड़कर 7 नवंबर को कमल फूल छाप पर बटन दबाने का निवेदन किया।

कांग्रेस सरकार ने 16 लाख परिवारों से छिना आवास

भाजपाईयों ने कार्यक्रम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के सरकार बीते पांच साल में लाखों गरीब परिवार के आवास छीनने का पाप किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का 16 लाख परिवारों के पक्के आवास को स्वीकृति किया था जिसे छत्तीसगढ़ सरकार ने लौटाया है ।

एक नजर

गलगम के ग्रामीण की माओवादियों ने की हत्या

बीजापुर, 2 नवंबर। बुधवार के दरमियानी रात उसूर ब्लाक के ग्राम गलगम निवासी मुचाकी लिंगा उम्र 40 वर्ष की अज्ञात माओवादियों द्वारा रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई । हत्या के बाद शव को नड़पल्ली एवं गलगम के बीच सड़क किनारे फेंक दिया। माओवादियों द्वारा पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या की गई।आसपास के क्षेत्र में सघन सर्च अभियान जारी है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने इस घटना की पुष्टि की है। विधानसभा चुनाव पूर्व माओवादियों द्वारा चुनाव बहिष्कार के संबंध में पर्चे भी कई इलाकों में फेंके है।

आबकारी विभाग ने 360 लीटर शराब और 2700 किलो महुआ लाहन जब्त किया

महासमुंद,2 नवंबर। अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में 31 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे आबकारी विभाग वृत्त सरायपाली द्वारा ग्राम पलसापाली थाना बलौदा में जंगल के किनारे दबिश देकर मौके पर आसपास तलाशी ली। यहां 02 ठिकानां में 24 प्लास्टिक पॉलीथिन और बोरी में भरी लगभग 360 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा 54 प्लास्टिक बोरी में लगभग 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। आबकारी अधिकारी ने बताया कि अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(क)(च), 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर किया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज प्रभारी आबकारी वृत्त सरायपाली, आबकारी आरक्षक राज किशोर पांडे तथा नगर सैनिक लक्ष्मी चंद और शिरीष भोई का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए प्रशिक्षण आज

महासमुंद। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार, काउंटरवार अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्रवार 02 नवंबर 2023 को दो पाली में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल (शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद) में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली व 40- बसना के अंतर्गत रिजर्व तृतीय श्रेणी सरल क्रमांक 01 से 15 और रिजर्व चतुर्थ श्रेणी सरल क्रमांक 01 से 20 तक के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण होगा। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 01¬30 बजे से 03¬30 बजे तक विधानसभा क्षेत्र 41-खल्लारी व 42-महासमुंद अंतर्गत रिजर्व तृतीय श्रेणी सरल क्रमांक 16 से 30 और रिजर्व चतुर्थ श्रेणी सरल क्रमांक 21 से 40 तक के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिए गए है।

निरीक्षण के दौरान एक शख्स से 60 वोटर आईडी और 21 आधार कार्ड जब्त

महासमुंद,2 नवंबर। बसना एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा फील्ड में लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान सोमवार को अंतरजिला चेक पोस्ट किशनपुर के निरीक्षण के दौरान वाहन वैगन आर क्रमांक सीजी-22, वाई 3192 से 60 वोटर आईडी कार्ड तथा 21 व्यक्तियों के मूल आधार कार्ड प्राप्त हुआ। वोटर आईडी कार्ड सोनाखान एवं कसडोल तहसील के व्यक्तियों से संबंधित बताया गया है। मौके पर स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा अजय महंत पिथौरा से पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब प्राप्त नहीं हुआ तथा पंचनामा कर वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड जब्त किया गया।

धमतरी विधानसभा के 1 अभ्यर्थी ने लिया नामांकन वापस

धमतरी 2 नवम्बर । विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आज जिले की तीनों विधानसभा 56-सिहावा, 57-कुरूद और 58-धमतरी के अभ्यर्थियों के नामांकन वापस लेने के प्रथम दिन धमतरी विधानसभा से 1 निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती श्यामा साहू ने अपना नामांकन वापस लिया, वहीं कुरुद और सिहावा विधानसभा से किसी भी अभ्यर्थियों ने नामांकन वापस नही लिया।

कल नामांकन लेने का अंतिम तिथि है, उसके बाद अभ्यर्थियों को चिन्ह आबंटित किये जायेंगे।जिले में 38 नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाये गये थे। इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा के 7, विधानसभा क्षेत्र कुरूद के 16 और विधानसभा क्षेत्र धमतरी के 15 नाम निर्देशन पत्र थे।

भाजपा ने किया था प्रति एकड़ 7 क्विंटल 20 किलो की कांटामारी अब कांग्रेस कर रही 40 किलो तक कांटामारी

किसानों की धान खरीदी पर सरकारी काँटामारी जारी हैः तेजराम विद्रोही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 2 नवंबर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहकारी समितियों में मार्कफेड के माध्यम से एक नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की गई है परंतु किसानों से की जाने वाली सरकारी काँटामारी बंद नहीं हुआ है। सरकारी काँटामारी पर एतराज जताते हुए किसान नेता एवं आम आदमी पार्टी के राजिम विधानसभा प्रत्याशी तेजराम साहू विद्रोही ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मार्कफेड के माध्यम से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मात्रा 20 क्विंटल प्रति एकड़ तय किया है लेकिन जब किसान टोकन कटवा रहे हैं तब प्रति एकड़ 19 क्विंटल 60 किलो का टोकन काटा जा रहा है इस तरह से 40 किलो प्रति एकड़ किसानों से कम लिया जा रहा है जो सरकारी काँटामारी है। एक ओर आदेश में 20 क्विंटल खरीदने की बात लिखी गई है तो दूसरी ओर ऑनलाइन साफ्टवेयर में 49 क्विंटल 40 किलो प्रति हेक्टेयर (एक हेक्टेयर बराबर ढाई एकड़) फिड किया गया है जो किसानों के साथ धोखा है साफ्टवेयर को तत्काल अपडेट किया जाना चाहिए। तेजराम विद्रोही ने आगे कहा कि किसानों से वास्तविक रूप से धान खरीदी करने के मामले में भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियां गंभीर नहीं है । अनावरी के हिसाब से जब किसान अधिकतम 24 क्विंटल प्रति एकड़ धान बेच रहे थे उस समय तत्कालीन भाजपा की रमनसिंह सरकार ने 2015 में कटौती कर 10 क्विंटल प्रति एकड़ किया था जिसका किसानों व किसान संगठनों द्वारा पुरजोर विरोध के कारण 15 क्विंटल प्रति एकड़ की गई परंतु खरीदी केवल 14 क्विंटल 80 किलो ही की जाती रही इस तरह से भाजपा ने किसानों की धान खरीदी पर 7 क्विंटल 20 किलो प्रति एकड़ काँटामारी किया था अब कांग्रेस पार्टी 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के नाम पर 40 किलो प्रति एकड़ की काँटामारी कर रही है जो सरासर किसान विरोधी कदम है। एक किसान ने अपना टोकन दिखाते हुए मुझे बताया कि उनका पंजीकृत रकबा 1.20 हेक्टेयर में धान बिक्री होना चाहिए 60 क्विंटल लेकिन टोकन मिला केवल 59 क्विंटल 20 किलो का यहां पर तीन एकड़ जमीन में 80 किलो धान की सरकारी काँटामारी हो गया है यानी कि 1762 रुपये का किसान को सीधे नुकसान हो रहा है।

सभी संदेहास्पद लेन-देन पर कड़ी नजर रखें:व्यय प्रेक्षक

महासमुंद। सरायपाली-39 व बसना-40 विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा एवं विधानसभा क्षेत्र खल्लारी-41 व महासमुंद-42 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक नीलेश राउतकर द्वारा सर्किट हाउस में रिटर्निंग ऑफिसर की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रेक्षक द्वय ने नामांकन की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए कार्य करें। प्रेक्षकों ने चारों विधानसभा क्षेत्रों में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात समेकित सूची की जानकारी ली। उन्होंने जिले में तैनात उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी एवं वीडिया निगरानी दल को व्यय से संबंधित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सजग होकर निगरानी के निर्देश दिए हैं। व्यय प्रेक्षकों द्वारा लीड बैंक मैनेजर को सभी संदिग्ध लेन-देन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी संदेहास्पद लेन-देन की तत्काल जानकारी दें। साथ ही बैठक में योगेश शर्मा द्वारा सहायक व्यय प्रेक्षकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में स्थापित जांच चौकियां को निरंतर एवं सजग होकर निगरानी करने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के एसएसटी टीम शैलेंद्र वर्मा ने सिरपुर व पद्मपुर रोड जांच चौकियां का निरीक्षण किया। इसी तरह बसना विधानसभा क्षेत्र के लिए विपुल बरई द्वारा किशनपुर, ढोढरकसा एवं लालीपुर जांच चौकियों का निरीक्षण किया गया। बैठक के दौरान लाइजनिंग अधिकारी सनत कुमार साहू मौजूद थे।

जनता कांग्रेस प्रत्याशी ने रसोईया संघ की मांगों का समर्थन किया

महासमुंद, 2 नवंबर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के महासमुंद उम्मीदवार अशवन्त तुषार साहू ने मध्यान भोजन रसोईया संघ के अध्यक्ष समेत अन्य सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें संघ की सभी मांगों का समर्थन करते हुए हमेशा उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि मध्यान भोजन रसोईया संघ की प्रदेश अध्यक्ष नीलू ओगरे द्वारा कहा गया है कि हमारा संघ सभी विधायक प्रत्याशियों से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत करा रहा है, जो भी प्रत्याशी उनकी मांगों का समर्थन कर विधानसभा में उनकी मांगे उठाने का आश्वासन देगा उसी को मध्यान भोजन रसोईया संघ के हजारों सदस्यों का समर्थन भी प्राप्त होगा। अध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि हम विधायक प्रत्याशियों से आश्वासन लिखित में ले रहे हैं, साथ ही उन्हें जन घोषणा पत्र में भी शामिल करने की मांग कर रहे हैं।

15 नवंबर शाम 5 बजे से 17 नवंबर शाम 5 बजे तक शुष्क अवधि घोषित

महासमुंद। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रभात मलिक ने प्रदेश में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के लिए मतदान की नियत तिथि 17 नवंबर 2023 (दिन शुक्रवार) को महासमुंद जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली, 40-बसना, 41-खल्लारी तथा 42-महासमुन्द में विधानसभा निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकान / देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट / विदेशी मदिरा दुकान विदेशी मदिरा प्रीमियम दुकान, एफएल 3 होटल बार एवं देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुन्द को 15 नवंबर को शाम 5 बजे से 17 नवंबर 2023 को शाम 5 बजे अर्थात मतदान समाप्ति तक बंद रखने के लिए शुष्क अवधि घोषित किया है।

धान खरीदी के लिए क्षेत्र की समितियां पूर्ण रूप से तैयार

पत्थलगांव, 2 नवंबर। खरीफ फसल का नया धान खरीदने से पहले ही ब्लाक के सभी उपार्जन केन्द्रो मे खरीदी की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है,धान जमा करने के लिए फड़ बनाने के साथ किसानो को दी जाने वाली सुविधायें भी पूर्ण कर ली गयी है। समिती प्रबंधको की माने तो धान के लिए पर्याप्त मात्रा मे बारदाने की आपूर्ति भी हो चुकी है। दरअसल शासन की ओर से प्रत्येक वर्ष 1 नवंबर से धान की खरीदी शुरू कर दी जाती है,इस बार भी यही तारीख निर्धारित है,परंतु बारिश की लेटलतीफी के कारण इस बार नया धान अब तक किसानो के कोठार तक नही पहुंच पाया है। किसान बारिश आने के बाद फसल सुखने एवं अब कही जाकर काटने मे व्यस्त हुये है,इस कारण समितीयों मे धान की बिकवाली दिपावली बाद ही शुरू होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पत्थलगांव सहकारी समिती की बात करे तो पिछले वर्ष यहा 1300 सौ पंजीकृत किसानो ने अपना धान लाकर बेचा था,परंतु इस बार किसानो की संख्या घट सकती है। समिती के प्रबंधक ने बताया कि इस बार शासन ने ब्लाक के गाला मे नवीन धान उपार्जन केन्द्र की स्थापना की है,जिससे गाला क्षेत्र के लगभग 454 पंजीकृत कृषक अपना धान वहा बेच सकेंगे। उनका कहना था कि गाला मे धान उपार्जन केन्द्र की शुरूवात होने से किसानो को बडी सुविधा मिलेगी,उन्हे टोकन कटवाने से लेकर बेचने तक मे आने वाली परेशानी कम हो जायेगी।।

वीवीपैट कमीशनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद,2 नवंबर। वन विद्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य अंतर्गत नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं ईवीएम, व्हीव्हीपैट कमीशनिंग कार्य हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताए गए बातों को ध्यान पूर्वक सुने और अमल में लाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। उन्होंने मास्टर ट्रेनर को मतदान कराने में होने वाली समस्याएं और उनके समाधान के बारे में जानकारी देने निर्देशित किया।वन विद्यालय के सभाकक्ष में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी द्वारा महासमुंद जिले की चारों विधानसभाओं के मास्टर ट्रेनरों व सेक्टर ऑफिसर्स को ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग में मतदान प्रक्रिया के लिए कमीशनिंग की आवश्यकता के साथ ही ईवीएम और वीवीपैट मशीन को तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में श्री गोस्वामी ने बताया कि ईवीएम संचालित करने का जितना अच्छा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर लेंगे, उतने ही बेहतर ढंग से पीठासीन अधिकारियों व अन्य निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम के प्रत्येक बिंदु की जानकारी होने से निर्वाचन कार्य कराने में आसानी होगी। श्री गोस्वामी ने कहा कि निर्वाचन हेतु एम-3 वोटिंग मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें एक कंट्रोल यूनिट (सीयू) से 24 बैलेट यूनिट (बीयू) को जोड़ा जा सकता है एवं एक बीयू में अधिकतम 16 उम्मीदवार सेट किये जाते हैं। इसी प्रकार उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, सील करना, मतदान पत्र लगाना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई।

मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं ने लोगों को दिया संदेश, मतदान हमारा अधिकार है

- ■ कलेक्टर प्रभात मलिक ने कहा- आपके द्वारा दिए गए संदेश से लोगों में जागरुकता आएगी
- ■ विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ने भी शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली

महासमुंद, 2 नवंबर। जिले में करवा चौथ पर महिलाओं द्वारा स्वीप मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में मतदान से संबंधित रोचक और संदेशप्रद स्लोगन लिखकर हाथों में मेहंदी लगाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक भी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा अपने हाथों में मेहंदी रचाकर दिया गया संदेश अवश्य जागरुकता लाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में महासमुंद शहर का मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है, जिसे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की है। उन्होंने मौजूद सभी प्रतिभागियों के माध्यम से संदेश दिया कि महिलाएं अपने स्वयं का वोट देकर अपने आसपास, घर-परिवार के महिलाओं और लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपने मताधिकार का उपयोग करें।

कार्यक्रम में एस आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुंद, समीर पांडेय जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, संगीता सिंह उप संचालक समाज कल्याण विभाग, रेखराज शर्मा जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद एवं सहायक नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुंद उपस्थित थे। प्रतियोगिता में अर्पिता साहू प्रथम, पूर्णिमा देवदास द्वितीय, ललिता तृतीय स्थान पर रही। कलेक्टर प्रभात मलिक के द्वारा मोमेंटो प्रदान कर विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में किरित सोनी ने मतदान कविता सुनाई तथा नवीन मतदाता कुमारी तान्या साहू ने मतदान शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर व्याख्यान समीर पांडेय एवं सुधा रात्रे ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैल नाविक परियोजना अधिकारी शहरी/चक्रवर्ती परियोजना अधिकारी ग्रामीण महिला एवं बाल विकास विभाग खेमराज चौधरी बाल संरक्षण अधिकारी एवं अभिषेक सिंह, सुधा रात्रे, सुलेखा शर्मा, धनेश यादव, वेदप्रकाश साहू, अन्य सहयोगियों का योगदान रहा। इसके अलावा बसना के भंवरपुर में करवा चौथ स्वीप मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी लगाकर मतदान करने की अपील की। स्वीप के नोडल अधिकारी मैनेजमेंट रेखराज शर्मा ने बताया कि जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने भी उनके घर-घर जाकर मतदान के महत्व को बताया जा रहा है। सिरपुर के कमार डेरा सहित ग्राम सोनासिल्ली, भिथीडीह, जोरातराई, केशवा, कोलपदर, कुरूभाठा गांव में कमार जनजाति के लोगों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली गई।

समाचार संक्षेप

45 वी सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम रवाना

बीजापुर 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ज्ञात हो की 45 वे सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर के श्री नगर में 4 नवंबर से 8 नवंबर के बीच आयोजित है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल की टीम शामिल होगी छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला सॉफ्टबाल की टीम रायपुर से 1 तारीख को दुर्ग जम्मू तवी ट्रेन से प्रस्थान करेगी छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल टीम में बीजापुर जिले के पांच खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अपने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम में जगह हासिल की है जिसमें अरुणा पुनेम कविता हेमला रेणुका तेलम ज्योति हेमला और अनीता चेरपा शामिल है अरुण एक इंटरनेशनल और 11 नेशनल खेल चुकी है वही कविता भी 1 इंटरनेशनल और 8 नेशनल रेणुका 1 इंटरनेशनल और 8 नेशनल ज्योति अब तक 10 नेशनल खेल चुकी वही अनीता चेरपा का वही अनीता चेरपा का यह पहला नेशनल है वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम में रायपुर से चार खिलाड़ी दुर्ग से दो खिलाड़ी जांजगीर चांपा रायगढ़ बिलासपुर से अन्य खिलाड़ी शामिल हुए हैं जिला कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा जिला सीईओ रवि कुमार साहू एवं अकादमी के प्रभारी श्री दिलीप उइके खिलाड़ियों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी है साथ में इंटरनेशनल कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार एवं सहायक कोच कृष्णा कुमार डोडी मौजूद थे।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ एवं बच्चो से अपने अभिभावक को मतदान करने जागरूक करने कहा

बीजापुर 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मिनी स्टेडियम में स्कूली छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए रंगोली बनाकर विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की अपील की। इस दौरान बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र त्रिलेश उद्दे द्वारा पानी के भीतर बनाई गई रंगोली आकर्षक का केंद्र रहा जिसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।वही क्रमशः द्वितीय अंजलि नाग, तृतीय स्थान अनुसुइया कुरसम ने प्राप्त किया। कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा ने रंगोली प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर उपस्थित सभी लोगों को बीजापुर जिले में 7 नवंबर को मतदान हेतु शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू ने छात्र छात्राओं को अपने अभिभावकों को मतदान करने जानकारी देकर जागरूक करने को कहा। वहीं जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल ने उपस्थित सभी को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी आर बघेल ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी विद्यालय बीजापुर, कन्या शिक्षा परिसर बीजापुर, पोटा केबिन बीजापुर, एकलव्य विद्यालय बीजापुर, छू लो आसमान, स्पोर्ट्स एकेडमी एवं हाई स्कूल ईटपाल के शिक्षकों ने एवं छात्रों ने द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर मानव श्रृंखला बनाते हुवे, मतदाताओं को जागरूक किया।स्वीप नोडल अधिकारी श्री गीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मतदाता जागरूक कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में निरंतर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधि आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन श्री जाकिर खान ने किया। इस दौरान जिले के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

झूठी संपत्ति बताकर बदनाम करने की पलायनवादी महेश गागड़ा की साजिश नाकाम:लालू राठौर

बीजापुर 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पलायनवादी भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा की संपत्ति 2 करोड़ 55 लाख जबकि विक्रम मण्डावी की संपत्ति परिवार सहित मात्र 73 लाख।निर्वाचन आयोग में दाखिल किए गए शपथ पत्र को पढ़े बिना ही भाजपा के द्वारा फेक न्यूज़ में कांग्रेस प्रत्याशी की 5 करोड़ सम्पत्ति और महेश गागड़ा की 72 लाख की सम्पति दिखाई जा रही है,जो कि सरासर झूठ है, फेक न्यूज फ़ैलाकर अपनी बुरी हार से बचने का जोर लगाने वाले महेश गागड़ा की जमीन खिसक चुकी है। वो अपने कार्यकाल मे कभी जनता के बीच नही रहा है,जनता के लिये कुछ कार्य किया ही नही,अपितु रायपुर में रहकर पूँजीपतियो के साथ मिलकर जमकर भ्रष्टाचार कर करोड़ो रूपये जमा किये है,जो साफ दिख रहा है,अब विधानसभा चुनाव से महज 25 दिन पहले बीजापुर आकर जनता को गुमराह करने,गली गली घूम कर वोट मांगते फिर रहे है,पैसों के दम पर दारू के दम पर चुनाव जितने की कोशिश कर रहे है,भाजपा व महेश गागड़ा को यह बात सामने दिख रही है कि इस बार 30 हजार से ज्यादा वोटों से हारने वाले हैं। अपराधियों, जुआड़ियों और ब्लैकमेलर को अपने पक्ष में माहौल बनाने सोशल मीडिया में ऐसे भ्रामक खबर वाइरल करवा के जनप्रिय नेता विक्रम मण्डावी और उनके परिवार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। बीजापुर की जनता जानती है कि विक्रम मण्डावी लगातार जनता के प्रति समर्पित हो कर,जनता के हित के लिए कार्य कर रहे है,फिर चाहे जनता का दुख सुख, शादी- ब्याह, मरनी, मुंडन, छटी, पूजा, मेला और देवी देवताओं के त्योहार में मौजूद रहने वाले विधायक विक्रम मण्डावी को भी जानती है,विक्रम मण्डावी की पहचान जनहितैसी लगातार जनता से जनता के लिये जुड़े रहने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में बनी हुई है,विक्रम मण्डावी का जनाधार लगातार बढ़ता ही जा रहा है,और दूसरी तरफ पलायनवादी भाजपा नेता महेश गागड़ा जो सत्ता के 10 साल बीजापुर से नदारद रहे,जनता से मिलना तो दूर दिखते भी नही रहे, विपक्ष में रहकर 25 दिन पहले टिकिट मिलने के बाद आकर जनता को गुमराह करने वाले को भी जानती है। अब बीजापुर की जनता मन बना चुकी है जो हमारे साथ 5 साल दुख सुख में रहा उसी बेटे विक्रम मण्डावी को जिताना है। उक्त बातें ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है।

आगजनी और हत्या की घटना में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में संचालित माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू, डीआरजी एवं बस्तर फाइटर के सयुंक्त बल द्वारा दिनांक 30/10/2023 को नैमेड़ साप्ताहिक बाजार से पोनड़वाया जनताना सरकार सदस्य सुखराम पिता सोमडू उम्र 36 वर्ष निवासी बरगापारा केतुलनार थाना कुटरू को साप्ताहिक बाजार नैमेड़ से पकड़ा गया ।दिनाक 31/10/2023 को थाना कुटरू एवं डीआरजी की संयुक्त टीम द्वारा केतुलनार से पोनड़वाया जनताना सरकार सदस्य फागु पोड़ियामी पिता सन्नू उम्र 38 वर्ष निवासी बरगापारा केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादी थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11/01/2022 को केतुलनार गढ़मिरीपारा निवासी ग्रामीण जगत सोढ़ी की हत्या करने एवं दिनांक 4/02/2022 को हाइवा वाहन से गिट्टी परिवहन कर आकलंका कुटरू की ओर जा रहे वाहन को मंगापेंटा के पास रोककर आगजनी करने की घटना में शामिल थे। पकड़े गये माओवादियों की गिरफतारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10-10 हजार का ईनाम उद्घोषित किया गया था। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

एक नजर

छग स्थापना दिवस पर भाजपाइयों ने अटल बिहारी को अर्पित की श्रद्धांजलि

कुरूद, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र के कुरूद एवं भखारा मंडल में दिनांक 1 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा के बुथ प्रवास कार्यक्रम प्रतिभा अजय चन्द्राकर एवं ज्योति चन्द्राकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी ने कुरूद मंडल के विभिन्न गाँवों मंदरोद, चोरभट्टी, भेंडरवानी के मतदाता माता-बहनों एवं भाइयों से जनसंपर्क एवं बैठक कर 36 वादों मे कई वादाखिलाफी करने वाले एवं गंगाजल का अपमान कर लबरा कांग्रेस सरकार के बारे में अवगत कराया गया। हमारे बीच कुरूद विधानसभा को विकसित कर सजाने संवारने वाले विकास पुरूष हमारे नेता मा. अजय चन्द्राकर जी भाजपा की ओर से पुनः चुनाव मैदान में है कुरूद विधानसभा के जनता, भाजपा के झुझारू कार्यकर्ता एवं नेतागण कमर कस लें संकल्प लेकर कमल फुल हमेशा की भाँति कुरूद क्षेत्र मे खिलाना है। इस चुनाव अभियान में महिला मोर्चा भखारा मंडल एवं कुरूद मंडल के पदाधिकारी पदाधिकारियों मे पूर्णिमा साहु, गितेश्वरी साहु सहित बुथ अध्यक्षगण, भाजपा के जुझारू कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।

सिंधी समाज के लोगों ने संत कंवरराम को श्रद्धांजलि दी



भाटापारा, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हिंद सिंध के सरताज, संतो के सिरमौर अमर शहीद संत कंवरराम साहब की 84 वीं शहादत दिवस 1 नवम्बर को द्वारा सम्पूर्ण सिंधी समाज भाटापारा द्वारा संतो को श्रद्धाजंलि दी गई ।संत कंवरराम सेवा मंडल के अध्यक्ष राजेश छाबड़िया द्वारा जानकारी दी गई की उक्त अवसर पर संत कंवरराम चौक में रात्रि 8:30 बजे से संत की मदाह साहब, एस.एस.डी. मंडल द्वारा धुनी साहब, भजन कीर्तन, संत जी के जीवन पर परिचर्चा, आरती व पल्लव एवं ठीक रात्रि 10 बजे संत जी को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई, इस अवसर पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष अनिल रोचलानी, सचिव कैलाश बालानी, पूज्य बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रपाल बागवानी, डॉ.वासुदेव ठाकुर, नारायण दास निहलानी, नानक गिदवानी, रमेशलाल चिमनानी, गोपी पारप्यानी, नंदलाल आर्य, ईश्वर बत्रा, ताराचंद किंगरानी, सुरेश गोदवानी, हरि भगत, श्री शोभवानी, मनोज गिदवानी विक्की छाबड़िया, किशन सिंग जेसवानी, भाई साहब कन्हैयालाल, बल्देव गंगवानी, राकेश नागवानी, सुरेश किंगरानी सहित बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित रहे।

पुलिस के हत्थे चढा सटोरिया

भाटापारा, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सटोरिया को लाखो रूपये का सटटा पटटी खेलते खेलाते हुए रंगे हाथों मोबाईल एवं रकम के साथ पकडकर कार्यवाही की गई। पुलिस सटोरिया के परिजनो के विभिन्न बैंक एकांउट का तस्दीक किया जा रहा है सटोरिया के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत की गई कार्यवाही सटोरिया से सट्टा पट्टी एवं 900 रूपया एवं 01 नग रियल मी मोबाईल को जप्त किया अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व मेअवैध जुआ, सट्टा, अवैध शराब के खिलाफकार्यवाही करते हुए बंगाली कालोनी मातादेवाला वार्ड अवैध रूप से सट्टा पट्टी के माध्यम से विभिन्न अंकों से रूपये पैसों का दांव लगाकर सटोरिया रामेश्वर तुरकानी को पकडा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में प्रधान आरक्षक भुखन लाल वर्मा आरक्षक , उमेश वर्मा एवं सायबर टीम का विशेष योगदान रहा।

जेबी स्कूल को अंतर्राष्ट्रीय एक्सीलेंस इन एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड मिलने से तिल्दावासियों में हर्ष

नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों ने दी बधाई

CERTIFICATE

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 2 नवम्बर। कैंब्रिज एजुकेशन लैब एवं नीसा (नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल अलायन्स) के अंतर्गत श्रीकांत अग्रवाल, निदेशक-जेबी स्कूल को फ़िनलैंड एजुकेशन समिट के सात दिवसीय प्रोग्राम में भाग लेना का अवसर प्राप्त हुआ द्य फ़िनलैंड में शिक्षा अन्वेषण शिखर सम्मेलन के दौरान उन्हें प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय एक्सीलेंस इन एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया द्य जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रदान किया गया है। श्रीकांत अग्रवाल ने पुरस्कार समारोह के आयोजकों और सभी समर्पित शिक्षकों और विशेषज्ञों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि फ़िनलैंड में मैंने जो सबसे महत्वपूर्ण बातें सिखी वह है ङ्क सेल्फ डिसिप्लिन, जिज्ञासा, इनोवेशन, टीम वर्क, स्किल लर्निंग और लर्निंग एनवायरनमेंट की संस्कृति को बढ़ावा देने का महत्व। फ़िनलैंड में 5 स्कूल, 2 स्किल ट्रेनिंग सेंटर, कॉलेज एवं विशाल सेंट्रल लाइब्रेरी में विजिट के दौरान हमने पाया की फिनिश छात्रों को प्रश्न पूछने, अन्वेषण करने और विषयों की गहरी समझ विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, और बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से पढ़ने पर जोर दिया जाता है ताकि बच्चों में क्रिटिकल थिंकिंग पैदा की जा सके द्य हम भी अपने शैक्षणिक प्रयासों में इन सिद्धांतों को अपने जे. बी. विद्यालय में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा मानना है कि आजीवन सीखने वाले तैयार करने के लिए आश्चर्य की भावना, सिखने की ललक और आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देना आवश्यक है। अवार्ड लेकर लौटे श्रीकांत अग्रवाल को नगर के नागरिक शिक्षा से जुड़े लोग चिकित्सक व्यापारी जन प्रतिनिधियों ने बधाई दी है। नगर के उद्योग पति घनश्याम अग्रवाल राम पंजवानी रमेश रिंकू अग्रवाल सहित जेबी स्कूल के पालकों ने भी बधाई दी है।

धान खरीदी महाअभियान का आगाज, किसानों में भारी उत्साह

पहले दिन 52 उपार्जन केंद्रों में 180 किसानों ने बेचे 6346 क्विंटल धान

छोटे किसानों ने एक ही बार में बेच डाला पूरा धान, 303 किसानों ने कटवाया धान बेचने के लिए टोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 2 नवंबर। शासन के निर्देश अनुरूप जिले में आज से धान खरीदी शुरू हो गई। स्थानीय किसानों ने कांटा-बाट की पूजा अर्चना कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। पहले ही दिन 52 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 180 किसानों ने 6346 क्विंटल धान बेचे। यह कार्य लगभग तीन माह तक चलेगा। धान खरीदी को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शुरू के दिनों में छोटे एवं सीमांत किसानों के धान की खरीदी की जा रही है। पूरे परिवार के लोग उपार्जन केन्द्र पहुंचकर उत्साह के साथ अपने धान का तौल करवा रहे हैं। साथ ही आज के लिए 303 किसानों ने अपना टोकन कटाया है। इस बीच कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर खाद्य अधिकारी विमल दुबे, उप पंजीयक सहकारिता गौड़ एवं बैंक नोडल अधिकारी शर्मा ने विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का दौरा किया। इस दौरान कुछ कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। ग्राम छेरकापुर निवासी बरातु धीवर एवं मनहरण धृतलहरे ने पहले ही दिन अपना पूरा धान बेच दिया। उनकी लगभग 1 एकड़ जमीन है। उन्होंने लगभग 25 -25 कट्टा धान बेचा है। कुछ बारदाने वे स्वयं लाये थे, बाकि समिति की ओर से उन्हें प्रदान किया गया। इसी तरह छेरकापुर उपार्जन केंद्र में धान बेचने पहुँचे कल्याण साहू ने कहा कि उपार्जन केन्द्र में कर्मचारियों से पूरा सहयोग मिल रहा है। उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है धान बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें नही है। एक ही बार में ज्यादातर किसानों का धान बिक जा रहा है। इस दौरान खाद्य अधिकारी विमल दुबे, उप पंजीयक सहकारिता गौड़ एवं बैंक नोडल अधिकारी शर्मा ने विभिन्न केंद्रों में धान बेचने आये किसानों और हमालों से बातचीत की और उपार्जन केन्द्र की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

धान उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खरीफविपणन वर्ष 2023-24 हेतु समर्थन मूल्य पर 1 नवंबर से धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले के 129 सहकारी सेवा समितियों के माध्यम से 166 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत कृषकों से धान की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर चंदन कुमार ने धान खरीदी की पूरी व्यवस्था पर पर्यवेक्षण एवं निगरानी रखने एवं धान उपार्जन तथा उसका परिदान और बारदानों की समुचित उपलब्धता के संबंध में धान उपार्जन केंद्रो के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र करमदा ब्रिजेश कुमार यादव, कोयदा पंकज चंद्रा, कोहरौद एवं धारासिव डोमेश्वरी साहू, खम्हरिया शिवकुमार वर्मा, खैरा तुलसीराम बर्मन, डमरू दत्तात्रेय ठाकरे, करदा दिनेश कुमार पैकरा, कोरदा एवं डोंगरीडीह जीवनदास मानिकपुरी, देवरी एवं सलौनी पिलेश्वसर पैकरा, दशरमा क्षितिज पटेल, बरदा एवं मुण्डा सेवाराम डहरिया, बलौदाबाजार अत्तर सिंह नरवरिया, बिटकुली डेनिश कुमार ध्रुव, भरसेला हरिश कुमार चतुर्वेदी, भालुकोना नरेन्द्र बोरसे, खैंदा ड एवं मोहतरा अत्तर सिंह कनेरिया, रसेड़ा नंदराम साहू, रिसदा दीपक कुमार देवांगन, लटुवा शिवकुमार साहू, लवन भूपेन्द्र कुमार टण्डन, गिंदोला एवं लाहोद विजय कुमार डहरिया, सकरी-बलौदाबाजार ईश्वर कुमार बघेल, सुढ़ेला अरूणा एक्का, सेम्हराडीह धनेश कुमार बंजारे, सरखोर सोमेश्वर लहरे, मरदा विनोद कुमार नवरंग, सिरियाडीह सैययद आसिफअली, अहिल्दा शीतल देवांगन, अर्जुनी भपेन्द्र कुमार ध्रुव को नियुक्त किया गया है। इसी तरह भाटापारा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र करही बाजार प्रकाश निर्मलकर, केशला युग राजेश्वर, खैरा(निपनिया) एंव पाटन राजेन्द्र साहू, बिटकुली कलेश्वर बंजारे, खैरी क प्रियंका योगी, खोखली रिध्दि सुमन यदु, , टिकुलिया जितेन्द्र ध्रुव, गुर्रा चन्द्रमौली शर्मा, गोढी-टी विरेन्द्र कुमार साहू, टेहका कुमार ऐश्वर्य सिंह, देवरी भाटापारा राहुल भगत, धनेली मनेश कुमार प्रभाकर, धुर्राबंधा एवं खैरी अययूब खान, कोनी महेन्द्र कुमार, निपनिया विनोद कुमार कुर्रे, तरेंगा ठाकुरराम ध्रुव, मल्दी सुमित कुमार लदेर, मिरगी नीलमणि राजपूत, मोपका नरेन्द्र कुमार घृतलहरे, कोटमी सहदेव कुमार साहू, लेवई भुनेश्वर साहू, सिंगारपुर हरिकिशन महिलॉग इसी तरह कसडोल विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र कुसगढ़ राजीव रंजन पालेश्वर, खैरा महेन्द्र ध्रुव, सोनपुर चन्द्रप्रकाश पैकरा, गिरौद ओ पी भारद्वाज, गोलाझर अरविंद प्रधान, चांदन लिलेश्वर पटेल, चिखली फणी भूषण बांधे, छेछर राजेश ठाकुर, मल्दा मनोज कुमार ध्रुव, मडकड़ा आशीष श्रीवास्तव, छरछेद अश्वनी सिदार, टुण्डरा संजय जांगडे, थरगांव सुनील घृतलहरे, देवरी नगेडी लिलेश डउसेना, नरधा कु. कीर्ति साहू, सुकली रितेश तंवर, छांछी सुरेंद्र सिंह, पिसीद राकेश ताम्रकार, बया पुष्पा ठाकुर, बार शशिकांत ध्रुव, मोहदा दिग्विजय पैकरा, बिलारी महेन्द्र कुमार ध्ुराव, बोरसी सम्मन सिंह पैकरा, मटिया कृष्ण कुमार मिरी, अमोदी संजीव कुमार साहू, कटगी गौतम डाहिरे, सर्वा देवेश देवांगन, कुम्हारी चौतन्य द्विवेदी, कसडोल वेदव्यास साहू, मोहतरा पूर्णिमा साहू, कुसुमसरा नवीन मेश्राम, बल्दाकछार सुखदेव ध्रुव, मुढीपार रविन्द्र सिंह, रिकोकला अजय मलिक, सेल सत्यवान पाठक, सोनाखान हेमन्त डउसेना, हटौद गंगाप्रसाद बांधे, खर्री नोहर लाल साहू, हसुवा पुष्पेन्द्र पटेल को नियुक्त किया गया है। इसी तरह पलारी विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र कोसमंदा अश्वनी कुमार साहू, कोसमंदी रमेश कुमार ध्रुव, गाडाभाठा कुलदीप सिंह ध्रुव, गिधपुरी संतोष यादव, गिर्रा राजू कुमार टाण्डे, चरौदा तरुण कुमार वर्मा, छेरकापुर जितेन्द्र कुमार वर्मा, जर्वे करुणा टिकरिहा, सुन्दरावन सत्येन्द्र बन्दे, जारा उमाशंकर ध्रुव, तेलासी खम्भन कुमार मांझी, ओडान प्रकाश बंजारे, दतान प गिरवर पुरेना, देवसुन्द्रा उत्सव जयसवाल, पलारी दीनबंधु दीनानाथ बघेल, बलौदी एवं टिपावन योगेन्द्र कुमार शर्मा, बोहारडीह राघवेन्द्र यादव, भवानीपुर सत्यभुवन सिंह, रेंगाडीह टिकेश्वर प्रसाद साहू, रोहांसी गौरीशंकर वर्मा, लच्छनपुर सुशील कुमार ध्रुव, वटगन उदयवीर ठाकुर, गुमा हिमाशिखा श्रेय चुचरूगपुर त्रिवेणी कोसले, सलौनी सुश्री सीमा पैकरा, साराडीह कुलदीप सिंह ध्ुराव, सिसदेवरी बलराम कुमार राठौर, सीतापार भुवन कुमार मंडावी, अमेरा प्रभात कुमार वर्मा, कुसमी गिरवर पुरेना, ससहा सुरेन्द्र कुमार साहू, कोनारी महेंद्र कुमार सोरी, खरतोरा दुजराम ध्रुव, सैहा अंजना रात्रे का नियुक्त किया गया हैं। इसी तरह सिमगा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र खपराडीह खिलेश्वर पुरेना, केशली भोजेन्द्र साहू, चंदेरी भागवत सतनामी, जांगडा नरेन्द्र वर्मा, दावनबोड दोषित राम साहू, डोगरिया रागिनी वर्मा, तुलसी शंकर बांधे, दामाखेडा उमेश चन्द्र वर्मा, पौंसरी केदार टंडन, जरौद संदीप कुमार साहू, फरहदा नागलता सिदार, फुलवारी कृष्णकुमार ध्रुव, बनसाकरा भेखराज साहू, नवापारा चन्द्रपाल ध्रुव, बिटकुली सबनम, मनोहरा सुमीत जैन, मोहभटठा आरती साहू, मोहरा दीनदयाल चतुर्वेदी, रावन राकेश पाण्डेय, कोलिहा कु. सुशमा बर्मन, रोहरा कु. रीता टेम्भरे, ढेकुना दीपनारायण सिंह परिहार, मार्राकोना राजीव तिवारी, गोरदी रसपाल सिंह, शिकारी केशली उमेश ध्रुव, सकरी.हथबंद सौरभअग्रवाल, भटभेरा गिरीश साहू, सकलोर लक्ष्मी वर्मा, सुहेला कमल नारायण भारद्वाज, सिमगा सिकेश ध्रुव, हथबंद शशी शर्मा, हिरमी नूतन कुमार, कामता गौरव कुमार राजपूत को नियुक्त किया गया है।

जनसम्पर्क

तिल्दा-नेवरा, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी टंकराम वर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु ने पालिका के वार्डों में जनसम्पर्क कर भाजपा के समर्थन में वोट मांगा। तिल्दा शहर में प्रातः माँ महामाया मन्दिर में पूजन कर जनसंपर्क कार्यक्रम का आरंभ किया जिसके दौरान विभिन्न वार्डो के रहवासियों से भेंट मुलाक़ात कर आगामी चुनाव में कमल का बटन दबाकर प्रदेश के विकास हेतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आग्रह किया। बीजेपी प्रत्याशी ने वार्ड के वासियों से आशीर्वाद लिया।

समाचार संक्षेप

शराब की अवैध बिक्री करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल



बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध जुआ सट्टा एवं अवैध शराब के उपर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके पालन मे अति0पु0अ0 हरीश यादव एंव उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी थाना पलारी शशांक सिंग ठाकुर के कुशल नेतृत्व में धरपकड कार्यवाही हेतु स्टाप रवाना हुआ था, कि दिनांक 31-10-2023 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम वटगन का बनारसी कोसरिया पिता सुंदरलाल कोसरिया अपने घर के आँगन मे शराब बिक्री करने हेतु रखा है। कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफएवं गवाहान के रेड कार्यवाही कर आरोपी बनारसी कोसरिया पिता सुंदरलाल कोसरिया उम्र 22 वर्ष साकिन खम्हारडीह थाना सिटी कोतवाली हाल मुकाम ग्राम वटगन को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़े। आरोपी से एक सफेद रंग की 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जेरीकन में लगभग 20 लिटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भरी हुई व एक पीले रंग की 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डालडा के डब्बे में लगभग 15 लिटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भरी हुई कुल 35 लीटर कीमती ?10, 500 हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब को समक्ष गवाहन के वजह सबुत मे जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही प्रधान आरक्षक 888 लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा व हमराह आरक्षक 762 के द्वारा किया गया।

मामूली बात पर गाली गलौज करने वाला गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 2 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा जिला मे आपराधिक व असमाजिक आचरण वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया है जिसके परिपालन में अति0पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी केसर पराग के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में 31 अक्टूबर को प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अनावेदक मनोज शास्त्री पिता सुंदर लाल शास्त्री उम्र 46 वर्ष निवासी लवन थाना लवन से उधार लिए पैसा को मांगा तो पैसा नही दूंगा कहते माँ बहन की गंदी गली गलौच कर लोहे के हथौडी से मारा व जान से मारने की धमकी दिया पर थाना अप0क्र0323/23 कायम कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान आरोपी को तलब कर पूछताछ करने पर आक्रोशित होकर पुलिस के सामने मेरे खिलाफरिपोर्ट किये हो कहकर प्राथी को गाली गुप्तार मारपीट के लिए आमदा हो रहा था समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर अनावेदक को धारा 151 जाफौ. के तहत गिरफ्तार कर इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. 42 परमानंद रथ एवं पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से रहेंगी बंद मदिरा दुकानें

बलौदाबाजार, 2 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 यथा संशोधित 1996 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु द्वितीय चरण के नियत मतदान तिथि 17 नवम्बर 2023 के लिए बलौदाबाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 (घघ - कम्पोजिट), एफएल 4 मद्य भण्डागार को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व की अवधि अर्थात 15 नवम्बर 2023 को सांयकाल 5 बजे से 17 नवम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस तक एवं मतगणना तिथि 03 दिसम्बर 2023 को सम्पूर्ण दिवस बंद रखे जाने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त अवधि में बलौदाबाजार भाटापारा जिले के समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 (घघ-कम्पोजिट), एफएल 4 मद्य भण्डागार में विक्रय, परोसना, परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्रं. ....
अ/20 (3) वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक 1. भारतभूषण मेश्राम पिता हीरालाल मेश्राम 2. राकेश रोशन मेश्राम आ. हीरालाल मेश्राम जाति महार निवासी वार्ड नं. 21 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि नजूल शहर डोंगरगढ़ में भूखण्ड क्र. 452/1, 456/1 रकबा क्रमशः 600, 944 कुल 1544 वर्गफुट पर आवासीय पक्का मकान बनाकर विगत 30 वर्षों से काबिज व निवासरत है। उक्त काबिज शासकीय भू-भाग का आवासीय पट्टा प्राप्त नही है काबिज भू-भाग को शासन के नियम शर्तो के अधीन क्रय करना चाहता हूं। मैं/हम उक्त पट्टे की भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराना चाहते है, उक्त धारित भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यवस्थापन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 24/11/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनाँक 25/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़**

प्रेक्षकों ने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था सहित आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने, पावर बैकअप व कैम्पस में पर्याप्त लाइटिंग के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 2 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र कसडोल-44 डॉ. राजेंद्र भारुड, विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार-45 एवं भाटापारा-46 के डॉ. अनीश शेखर एवं पुलिस आब्जर्वर आईपीएस नजमुल होड़ा ने आज संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में इव्हीएम स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग, निर्वाचन संबंधी सामाग्रियों का वितरण एवं वापसी, मतगणना आदि कार्य के लिए किए जा रहे तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने, पावर बैकअप की व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं कैम्पस में पर्याप्त लाईटिंग के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार द्वारा कसडोल, बलौदाबाजार और भाटापारा विधानसभा क्षेत्रों के लिए तैनात टीम एवं उनके कार्यो की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने मतदान दलों एवं निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर बी सी एक्का, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, उपजिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी आरओ, सीआईएसएफ के नोडल अधिकारी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि गण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

एक नजर

अर्जुन अमित श्रीवास्तव बने बिहार राज्य के सह-प्रभारी

रायपुर, 2 नवम्बर। छग युवा कांग्रेस के प्रवक्ता अर्जुन अमित श्रीवास्तव को युवा कांग्रेस के टैलेंट हंट-यंग इंडिया के बोल के द्वारा एक बड़ी ज़िम्मेदारी दी गई है, आपको बता दें अर्जुन को बिहार राज्य का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अर्जुन जी के द्वारा किए गये मज़बूत कार्य एवं विभिन्न राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय न्यूज़ चैनलों पर मज़बूती से पार्टी पक्ष रखने के लिए दिया गया है। अर्जुन श्रीवास्तव युवा कांग्रेस के देश के सबसे कम उम्र के प्रवक्ता है और अब देश के सबसे कम उम्र के प्रभारी की ज़िम्मेदारी भी अब उन्हें दी गई है।

ठेकेदार की रॉड मारकर हत्या

रायपुर, 2 नवंबर। पत्नी से बातचीत को लेकर भड़के एक मजदूर ने लोहे का रॉड मारकर अपने ही ठेकेदार की हत्या कर दिया। इसके बाद ठेकेदार का शव निर्माणाधीन मकान में फेंक दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। राजधानी से सटे ग्राम सारखी में यह वारदात हुआ है। पुलिस के मुताबिक एक दिन पहले ही सारखी ग्राम में ठेकेदार का शव मिला था जिसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि मृतक नागेश ध्रुव 26 वर्षीय ग्राम देवदा आरंग का रहने वाला था। मजदूर ने ठेकेदार की हत्या कर उसके शव को सारखी में एक निर्माणधीन बिल्डिंग में छोड़ दिया था। जांच में यह बात भी सामने आया है कि मृतक ठेकेदार आरोपी की पत्नी से लगातार बातचीत करता रहता था। इस बात को लेकर आरोपी नाराज था और संभवत: इसी के चलते उसने हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दे डाला।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर, 2 नवंबर। बायपास रोड अटारी के पास ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची कबीरनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पी. गिरिश नायडु 55 वर्ष हर्षित विहार कबीरनगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बुलेट क्रमांक सीजी 04 एनटी 8494 से जा रहा था, तभी बायपास रोड अटारी के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 9590 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार पी.गिरिश नायडु की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मृत्यु

रायपुर, 2 नवंबर। बायपास रोड सांकरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नरसिंह चरण धरसींवा स्थित संभव इस्पात कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी दिलबाग ढाबा के सामने सांकरा में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर, 2 नवंबर। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 4 कोचियो को पुलिस के टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 38 पाव अंग्रेजी शराब व 45 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने पंजतारा होटल के पास काशीराम नगर में अवैध शराब बेचते आरोपी नितिन वाल्मिकी 23 वर्ष व सोनु मानिकपुरी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 38 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने ग्राम नकटी के पास आरोपी राकेश कुमार पारधी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी राजेश्वर बारले 34 वर्ष के पास से 25 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

नाम वापस लेने बागियों को मनाने का प्रयास

भाजपा की सावित्री जगत ने उत्तर विधानसभा से लिया नाम वापस

- कांग्रेस और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को बागियों और निर्दलियों को बिठाने की जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 2 नवम्बर। छग विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के लिए आज नामांकन पत्र वापसी के अंतिम दिन सभी बागी प्रत्याशियों को मनाने का दौर जारी रहा। बागी प्रत्याशी मान-मनौवल के बाद भी चुनाव लड़ने की जिद में हैं। इसके चलते समीकरण बदलने के आसार हैं। पाटन में जोगी कांग्रेस के अमित जोगी भी सक्रिय हो गए हैं। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव संचालक लोकेश कावड़िया ने बताया कि सावित्री जगत ने पुरंदर मिश्रा के समर्थन में नाम वापस ले लिया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के द्वितीय चरण के अंतर्गत 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज नामांकन पत्र वापसी का अंतिम दिन है इसलिए कांग्रेस, भाजपा, जोगी कांग्रेस द्वारा हमर राज पार्टी तथा क्रांति सेना सहित अन्य क्षेत्रीय दलों एवं निर्दलियों को बिठाने का प्रयास किया जा रहा है। आज अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिया जाएगा। भाजपा कंट्रोल रूम प्रभारी ने बताया कि कांग्रेस के बागी प्रत्याशी अजीत कुकरेजा चुनाव मैदान में हैं। इनसे संपर्क साधा गया पर इनका मोबाइल बंद था। यहां पर कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों के लिए ये दोनों प्रत्याशी खतरा साबित हो सकते हैं। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भी कई मुस्लिमों ने फार्म भरा है जिसके कारण यहां पर कांग्रेस का समीकरण बिगड़ रहा है। कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास और भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय महिला प्रत्याशी को बिठाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। महासमुंद के सरायपाली में वर्तमान विधायक किस्मत लाल नंद जोगी कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर उनका मुकाबला भाजपा की सरला कोसरिया और कांग्रेस की चातुरी नंद से है। चातुरी नंद शिक्षक पद से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ रहीं हैं। किस्मत लाल नंद गाड़ा समाज के हैं इसलिए यहां पर नए समीकरण बन रहे हैं। महासमुंद में कांग्रेस की रश्मि चंद्राकर और भाजपा के रवि सिन्हा के बीच मुकाबला है। बागबाहरा और बसना में भी बागी प्रत्याशियों ने समीकरण बिगाड़ दिया है। बलौदाबाजार में भाजपा के टंकराम वर्मा, कांग्रेस के शैलेश नितिन त्रिवेदी व बसपा के राजकुमार पात्रे के बीच त्रिकोणीय संघर्ष है। भाजपा और कांग्रेस के कंट्रोल रूम के अनुसार 30 सीटों में त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार है।

पाटन में भूपेश, अमित तथा विजय के बीच रोचक मुकाबला

दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र में अब भूपेश बघेल, भाजपा के विजय बघेल तथा छजकां के अमित जोगी के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार है। भाजपा प्रवक्ता भगवानु नायक ने कहा कि हमारे सभी 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। दुर्ग शहर से कांग्रेस के अरुण वोरा तथा भाजपा के यादव के बीच, अहिवारा में कांग्रेस और भाजपा में सीधा मुकाबला है। 70 सीटों में से अब अंबिकापुर में टीएस सिंहदेव एवं भाजपा के राजेश अग्रवाल पत्थलगांव में रामपुकार सिंह एवं गोमती साय के बीच मुकाबला है। इस समय हमर राज पार्टी के लोग ग्रामीण क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं। द्वितीय चरण के लिए आज नाम वापसी के बाद शाम को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया जाएगा। निर्दलीयों ने मनपसंद चुनाव मांगे हैं।

3 से चुनाव प्रचार होगा तेज

चुनाव चिन्ह आबंटित होने के बाद सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशी अपना प्रचार-प्रसार तेज कर देंगे। घर-घर झंडे, बैनर व पोस्टर लगाए जाएंगे। इस समय मोबाइल वैन की काफी डिमांड है। दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल अपने कार्यों की जानकारी दे रहे हैं। वहीं विकास उपाध्याय द्वारा कोरोना संकटकाल में जूते-चप्पल का वितरण एवं लोगों को लंगर में खाना खिलाने का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

तीन वर्ष से अधिक एक ही स्थान पर जमे शासकीय कर्मियों की शिकायत

- पुलिस, राजस्व तथा नगरीय निकाय विभागों के अधिकारियों को हटाने आए प्रस्ताव

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

रायपुर, 2 नवम्बर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकवा-शिकायतों का दौर जारी है। यहां पर सर्वाधिक शिकायतें शासकीय कर्मचारियों की आ रही है जिलों में पदस्थापना को लेकर सर्वाधिक शिकायतें हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थ ज्वाइंट सीईओ यूएस अग्रवाल के अनुसार राज्य में सामान्य प्रशासन विभाग ने इस आशय का आदेश जारी किया था कि जिलों में किसी भी विभाग में यदि कोई कर्मचारी तीन वर्ष से अधिक समय से कार्य कर रहा है तो उसे हटा दिया जाए। इस आदेश का पालन सबसे ज्यादा पुलिस विभाग में किया गया है। लेकिन राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा मुश्किलें आ रही है। पटवारी, तहसीलदार से लेकर उपजिलाधीश तक के अधिकारी हटने के लिए तैयार नहीं है। इस संबंध में शासन के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। इसलिए लोग सीधी शिकायत आयोग को कर रहे हैं। नगरीय निकाय विभाग में कार्यरत मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जोनल कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों को भी हटाने के लिए मार्गदर्शन मांगा गया है। इस संबंध में आयोग द्वारा दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि ऐन चुनाव के वक्त राजस्व विभाग के कर्मचारियों को हटा देने से काफी परेशानी होगी इसलिए निर्वाचन आयोग फूंक-फूंककर कदम रख रहा है। आयोग के पास अन्य कार्यों की भी स्वीकृति के लिए फाइलें आ रही है।

प्रथम चरण के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रथम चरण में 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 7 नवम्बर को होगा। आयोग द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यहां पर हेलीकाप्टर की भी सेवाएं ली जाएगी। आयोग के अनुसार यहां पर ईवीएम, वीवीपैट मशीन के अलावा अन्य आवश्यक जानकारी मतदान दल को दी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी 20 विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम, वीवी पैट का नंबर तथा अन्य जानकारी मांगी है। इस संबंध में आयोग निरंतर जानकारी ले रहा है। आयोग ने इस समय पुलिस के माध्यम से शराब, मादक पदार्थों तथा नकदी के जब्ती का भी नया रिकार्ड बनाया है जिससे व्यापारियों को परेशानी हो रही है।

सरोज ने निकाली कांग्रेस की घोषणाओं की हवा

रायपुर, 2 नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ बनाया और इसे भाजपा ने ही सवारा है और पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने जो विकास अवरूध्द किया है उसे हमारी सरकार फिर से नये आयाम देगी। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इस बात को स्वीकार किया कि केंद्र सरकार धान खरीदी का 2200 रुपए देती है और केवल 600 रुपए राज्य की सरकार देती है। जयराम रमेश जी को साधुवाद है। कम से कम सच बोलने की उन्होंने हिम्मत तो दिखाई। लेकिन इस विषय पर मुख्यमंत्री जी से जरूर पूछना चाहते हैं वे जो बार-बार इस बात को बहुत चिल्ला चिल्ला कर कहते हैं कि केंद्र की सरकार कोई सहयोग नहीं करती एक तरफउनके उपमुख्यमंत्री केंद्र की सरकार को सराहते है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री जी बार-बार आरोप लगाते हैं। उपमुख्यमंत्री जी झूठ बोलते हैं कि मुख्यमंत्री जी झूठ बोलते हैं। दोनों में कोई ना कोई जरूर झूठ बोलता है तो यह तय होना चाहिए कि झूठ कौन बोलता है। कांग्रेस की घोषणाओं संबंधी विज्ञापन पर कटाक्ष करते हुए भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने कहा कि हम कर्जा माफ करेंगे। यह घोषणा उनके पूर्व के जन घोषणा पत्र में भी थी।

आबकारी विभाग ने की छापामार कार्रवाई

रायपुर, 2 नवम्बर। सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे के निर्देशानुसार, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के दिशा-निर्देश में एवं उपायुक्त आबकारी मंजूश्री कसेर के मार्गदर्शन में जिला रायपुर के आबकारी टीम के द्वारा विधान सभा निर्वाचन 2023 में अवैध मदिरा के धारण / विक्रय / परिवहन की सूचना पर त्वरित् विधिवत् प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। 30 छापामार कार्यवाही कर 29 व्यक्तियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण कायम किये गये है। उक्त छापामार कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, टेक बहादुर कुर्रे, दीपक ठाकुर एवं आबकारी उप निरीक्षकगण सुश्री नीलम स्वर्णकार, कौशल सोनी, प्रकाश देशमुख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा किया गया रायपुर जिले की मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकानों के संचालन संबंधी शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए उनके अनुरूप मदिरा दुकानों के नाम, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, मूल्य सूची ऑन लाईन शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर, मदिरा विक्रय दर, मदिरा की स्केनिंग प्रक्रिया, सी.सी.टी.व्ही. कैमरों की स्थिति, डीप फ्रिजर की स्थिति, दुकानों में संधारित समस्त अभिलेखों एवं मदिरा स्कंध का अवलोकन कर ग्राहकों को मांग अनुसार सही दर पर मदिरा विक्रय करने, दुकानों को नियमित साफ-सुथरा रखने, सूची को सहज दृश्यमान रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा आज दिनांक 1 नवम्बर 2023 को ज़िला मुँगेली में अवस्थित आसवनी भाटिया वाईन्स एवं बिलासपुर में अवस्थित वेलकम डिस्टलरी का आकस्मिक दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्पिरिट रूम, स्टॉक रूम, बॉटलिंग प्लांट को देखा, समस्त रजिस्टर को नियमानुसार संघारित कर अपडेट रखने, सभी सीसीटीवी कैमरा द्वारा प्लांट की 24/7 निगरानी करने, कैमरों का 15 दिन तक बैकअप रखने, बूम बैरियर ऑथोराइज्ड पर्सन द्वारा ही खोले जाने हेतु निर्देशित किया।

करवा चौथ

रायपुर, 2 नवम्बर। सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने करवा चौथ (गणेश चतुर्थी) मनाया। दीप्ति दुबे, बेबी, डिंपी, कविता तिवारी, रजनी तिवारी, बिना तिवारी, नीलू शर्मा, रश्मि शर्मा, प्रियम्बदा सिंह, ममता साहू, चमेली कौर, किरण शर्मा, रश्मि शर्मा आदि महिलाओं ने हिस्सा लिया।

उन्हें अब जनता नमस्ते करेगी : पुरंदर

उत्तर विधानसभा छत्तीसगढ़ का दिल है: मिश्रा

रायपुर, 2 नवम्बर। रायपुर उत्तर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार कुलदीप जुनेजा पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि शहर भर में लोगों को सिर्फ नमस्ते कहकर अपना कार्यकाल पूरा करने वाले जुनेजा को इस बार चुनाव में जनता नमस्ते कर देगी। ज्ञात हो कि जुनेजा वर्तमान में विधायक हैं इससे पूर्व भी वे विधायक रह चुके हैं। एक बार भाजपा के श्रीचंद सुंदरानी से पराजित हो चुके हैं। जबकि पुरंदर मिश्रा पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। पेशे से आयकर वकील पुरंदर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा वर्तमान विधायक से आम जनता में नाराजगी ही मुझे जीत दिलाएगी। पूरे प्रदेश से कांग्रेस को उखाड़ फेकेंगे। मिश्रा ने कहा कि मुझे हर इलाके में जनता का अपार आशीर्वाद मिल रहा है। मिश्रा ने कहा कि बीते पांच वर्ष में उत्तर विधानसभा में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। समस्याओं का अंबार है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार और जुनेजा की विधायकी ने क्षेत्र व प्रदेश को कई साल पीछे कर दिया है। 15 वर्षों में भाजपा सरकार ने जो कार्य किए हैं वहीं नजर आते हैं। एक्सप्रेस-वे, नल-जल योजना, केनाल लिंकिंग रोड, तेलीबांधा तालाब का सौंदर्यीकरण जैसे कई कार्य भाजपा सरकार की देन है। अभी हालत यह है कि सड़कों पर झाड़ू तक नहीं लग रही है। पूरा क्षेत्र धूलमय है। सड़कें जर्जर हो चुकी है। पेयजल की समस्या है। गरीबों का आवास तक छीन लिया गया है। बेरोजगारों को भत्ता नहीं मिल रहा है। दवा का लंगर तो खोल दिया गया है लेकिन इस लंगर से कुछ ही दूरी पर स्थित सरकारी अस्पतालों में व्याप्त असुविधाओं की ओर ध्यान नहीं है। भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र व बहन सुभद्रा का जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर विशाल व भव्य मंदिर की स्थापना करने वाले मिश्रा ने कहा कि उत्तर विधानसभा छत्तीसगढ़ का दिल है। यह मिनी भारत है। इसे गड्ढों का विधानसभा व माफियाओं का अड्डा बना दिया गया है। महिलाओं का अपमान हो रहा है। वे सुरक्षित नहीं है। मिश्रा ने कहा है आम जनता जो भी आदेश देगी उसे पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी। पीएम आवास, पेयजल की सुविधा जैसी बुनियादी सुविधाओं पर काम किया जाएगा। नगर निगम में यूजर चार्ज की समीक्षा कर उसे ठीक करेंगे या फिर समाप्त कर देंगे। अपनी जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त मिश्रा ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है, सरकार भाजपा की ही बनेगी।

श्री राजस्थान ज्वेलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
सभी राशियों के रत्न व उपरत्न उपलब्ध
पुरोहित बाड़ा के पास बूढ़ापारा, रायपुर
फोन-320067,9425519051

डॉ.रमन सिंह
उपाध्यक्ष-अ.भा. भाजपा
अरुण साव
भाजपा अध्यक्ष छ.ग.
नारायण चंदेल
नेता प्रतिपक्ष भाजपा
पुरन्दर मिश्रा
प्रत्याशी भाजपा उत्तर विस
जयंती पटेल
शहर जिला अध्यक्ष-भाजपा
अब नई सहिबो बदल के रहिबो
रायपुर उत्तर से भाजपा प्रत्याशी
पुरन्दर मिश्रा को
कमल छाप में बटन दबाकर वोट दें।
विनीत
शंकर साहू
जिला मंत्री-भा.ज.यु.मोर्चा
रायपुर
आशीष आहूजा
उपाध्यक्ष-भा.ज.यु .मोर्चा
रायपुर
गोविंद गुप्ता
अध्यक्ष-भा.ज.यु. मोर्चा
रायपुर

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23